
आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती आज

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 5 ■ अंक : 04 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 धर्म और सदाचार का पालन करे : अग्रपीठाधीश्वर

5 लीसा ने लेडी गागा को बताया प्रेरणा स्त्रोत

6 जल्द बढ़ेगा प्रदेश के माननीयों का वेतन



## इंदौर बना हिल स्टेशन...

दिन और रात के तापमान में 2 डिग्री का अंतर

# बादलों में छुपा सूरज, हल्की-फुल्की फुहारों से मौसम हुआ सुहावना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पिछले दो दिन से शहर किसी हिल स्टेशन की तरह नजर आ रहा है। आज सुबह से ही चारों ओर बादल छाए हुए है, सूरज के दर्शन नहीं हो रहे है, गुरुवार के बाद भी आज भी सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी होती रही। कोहरे के कारण सुबह दृश्यता 500 मीटर ही रह गई। सुबह वाहन चलाने वालों को हेड लाइट लगाकर गाड़ियां चलाना पड़ी। उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द हवाओं ने शहर की फिजा में ठंडक भी खोल दी। दिनभर शहर में कोहरा छाया रहा, जिससे इंदौर किसी हिल स्टेशन जैसा नजर आया। बूंदा-बांदी के साथ तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

**गिरा दिन का तापमान :** एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल को शहर का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 9 डिग्री कम रहा। जबकि बुधवार को यह 25.1 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा था। दोनों ही तापमान में मात्र 2 डिग्री का ही अंतर रह गया। इस दौरान हवाओं की दिशा उत्तरी और उत्तर-पूर्वी रही। हवाओं की अधिकतम रफ्तार 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। कोहरा छाए रहने से दृश्यता भी कम रही।

## ब्रेकिंग न्यूज

- बिहार चुनाव: राजग ने जारी किया घोषणापत्र
- एनआईए अधिकारी जया राय को मिला 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक', तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण में निभाई थी अहम भूमिका
- दिलजीत दोसांझ ने केबीसी विवाद पर दी सफाई, कहा - मैं पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए जागरूकता फैलाने गया था
- राष्ट्रीय एकता दिवस पर सीएम योगी बोले - पीएम मोदी की पहल से देश में एकता की लहर आई
- शी जिनपिंग ने एशिया-प्रशांत में समावेशी विकास के लिए पांच सूत्रीय योजना पेश की
- केवडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी
- अमित शाह बोले-पटेल के सपने को पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाकर साकार किया
- क्रिकेटर मोहम्मद अजरुद्दीन आज बन सकते हैं तेलंगाना केबिनेट का हिस्सा
- बिहार: चिराग पासवान आज शाहपुर और विक्रम विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा करेंगे

# 'सात समंदर पार' पर डांस कर फंसे इंदौर के बीजेपी नेता, समाज ने जताई आपत्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● 'सात समंदर पार मैं तेरे पीछे-पीछे आ गई' और 'यम्मा-यम्मा' जैसे फिल्मी गानों की तेज धुन, डीजे की चकाचौंध रोशनी और मंच पर थिरकते अपने आपको संघ के करीबी बताने वाले तथा बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बड़े नेता अब एक नए विवाद में घिरते जा रहे हैं। उनके साथ महिलाओं के लिबास में एक युवक भी कमर लचका रहा है। यह नजारा किसी निजी पार्टी का नहीं, बल्कि इंदौर में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम का है। बीजेपी के तथाकथित बड़े नेता पर समाज के मंच पर 'फूहड़ता' और 'अश्लीलता' परोसने का गंभीर आरोप लगा है। एक बड़े वर्ग ने इसे कुमावत समाज की मर्यादा और संस्कारों पर हमला बताते हुए तीखा विरोध जताया है। अब मांग उठ रही है कि विधानसभा के टिकट के लिए पुरजोर कोशिश करने वाले उक्त समाज के सामने आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, वर्ना उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

गौरतलब है कि यह पूरा मामला इंदौर के प्रतिष्ठित बिचौली मर्दाना क्षेत्र स्थित एक रिसॉर्ट का है। यहां 26 अक्टूबर को श्री राजस्थान कुमावत क्षत्रिय समाज, इंदौर की ओर से दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का मकसद समाज के लोगों को एक मंच पर लाना, भाईचारा बढ़ाना और त्योहार की खुशियां साझा करना था।

दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन हुए, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। लेकिन शाम ढलते ही कार्यक्रम का स्वरूप बदलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोकगीत के कार्यक्रम के बाद मंच पर डीजे ने कमान संभाल ली और तेज आवाज में फिल्मी गाने बजने लगे।



## यादगार लम्हा...

महिला आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय जीत की शिल्पकार जेमिमा रॉड्रिग्ज हाथ जोड़कर रोने लगीं। पवेलियन में बैठी हुई कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अपने आंसू रोक नहीं पाई। जीतने के बाद जेमिमा के आंसू निकले। उन्होंने दोनों हाथ जोडकर ड्रेसिंग रूम के तरफ इशारा किया। उन्होंने मैच देखने आए माता-पिता को अपना शतक डेडिकेट किया। मैदान में उपस्थित दर्शकों के साथ बाकी महिला खिलाड़ी भी जेमिमा के भावनात्मक रुख को देखकर भावुक हुई।

# एमपीपीएससी अभ्यर्थी बन सकते हैं व्हिसलब्लोअर, जारी हुई सूचना




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने अपनी वेबसाइट पर एक आवश्यक सूचना जारी की है। हालांकि इस सूचना को लेकर आयोग के अधिकारी का कहना है कि यह सतर्कता के तौर पर जारी की गई है। बता दें कि आयोग में इन दिनों विभिन्न इंटरव्यू चल रहे हैं। वहीं नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य ने इस सूचना को लेकर कहा कि हमने पहले ही अपने ज्ञापन में यह बात बता दी थी।

**एमपीपीएससी ने वेबसाइट पर जारी की आवश्यक सूचना-** आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर यह सूचना जारी की गई है। इस आवश्यक सूचना में लिखा है कि आयोग कार्यालय में आने वाले आगंतुकों को सूचित किया जाता है कि आयोग में साक्षात्कार एवं परीक्षा मूल्यांकन की प्रक्रिया निष्पक्ष और योग्यता के आधार पर की जाती है। यदि आयोग कार्यालय या बाहर का कोई व्यक्ति परीक्षा या साक्षात्कार में उत्तीर्ण कराने का आश्वासन देता है अथवा किसी कार्य के बदले किसी प्रकार की राशि की मांग करता है, तो उसकी शिकायत सचिव, लोक सेवा आयोग के ईमेल पर की जा सकती है। प्राप्त शिकायत को पूर्णतया गोपनीय रखा जाएगा।

एमपीपीएससी इंदौर के ओएसडी डॉ. आर. पंचभाई ने कहा कि आज एक आवश्यक सूचना जारी की गई है। यह सूचना सतर्कता के तौर पर जारी की गई है। अभी लगातार इंटरव्यू चल रहे हैं। इंटरव्यू के परिणाम भी आ रहे हैं। सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल (उच्च शिक्षा) के अलावा विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर के भी इंटरव्यू चल रहे हैं। यह आवश्यक सूचना इस वर्ष सतर्कता के तौर पर जारी की गई है।

# आश्वासनधारियों के पास अब केवल निगम मंडलों का ही आसरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भाजपा की मोहन सरकार को 13 दिसंबर को दो साल पूरे हो जाएंगे। इसके बाद तीन साल बचेंगे। जो कामी नेता निगम मंडल, प्राधिकरण व आयोगों में जगह नहीं बना पाए, उनके लिए सत्ता में जगह बनाने के लिए इन तीन साल में कोई दूसरा मौका नहीं आना है इसलिए भी ऐसे दिग्गज जोर लगा रहे हैं।

भाजपा में हमेशा से अनुभव को तवज्जो मिलती रही है लेकिन अब नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने पर भी फोकस बढ़ा है। प्रदेश कार्यकारिणी में नए और युवा चेहरों को शामिल करना, इसका बड़ा उदाहरण है। इस फैक्टर के हावी होने से कई दिग्गजों के सामने ढलती उम्र के साथ पिछड़ने का खतरा हावी होता जा रहा है जिसके चलते ये ऐसे कई नेता इस अवसर को किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं चाहते।

गौरतलब है कि प्रदेश के 50 से अधिक निगम मंडल, आयोग व प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर जारी कवायद के बीच नया पेंच फंस गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा के कई कद्दावर नेता प्रदेश कार्यकारिणी में जगह बनाने के लिए भोपाल से लेकर दिल्ली की दौड़ लगा रहे थे। इन्हें पसंद करने वाले नेताओं ने भी एड़ी-चोटी का जोर लगाया, तब भी ये सफल नहीं हुए और इस तरह ऐसे नेताओं के हाथ से भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में जगह पाने के अवसर निकल गए। अब विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता में जगह पाने का एक मात्र अंतिम अवसर बाकी है इसलिए एक को चाहने वाले सैंकड़ों दावेदार हैं लेकिन इनमें से प्रभावी दावेदारों की संख्या 10 से लेकर 50 तक पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक ऐसे दिग्गजों के बीच से एक पद के लिए एक व्यक्ति चुनना सत्ता व संगठन के लिए नई मुश्किल हो गई है।



## अब प्रदेश कार्यकारिणी में तीन साल से मौके नहीं

भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है। कई नेताओं को जगह मिलने की उम्मीद थी। इसको लेकर कई स्तर पर खींचतान जारी है लेकिन ये खुलकर विरोध भी दर्ज नहीं करा पा रहे। पार्टी के कुछ दिग्गजों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 10 से लेकर 25 साल से भाजपा की सक्रिय राजनीति में है और हर मोर्चे पर सफल रहे, संगठन ने जो काम दिया, उसे पूरा किया। उनके क्षेत्र में उनकी कोई कमी भी नहीं रही, तब भी अवसर नहीं मिला।

## अधिकतर को कोई अवसर नहीं मिले

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने पार्टी के कई नेताओं के टिकट काटे तो कई कांग्रेसियों का स्वागत भी किया। तब से लेकर अब तक अधिकतर को कोई अवसर नहीं मिले। एक बड़े मौजूदा भाजपा व पूर्व कांग्रेसी नेता दबाव बना रहे हैं कि उन्हें जगह दी जाए, क्योंकि वर्तमान से अच्छी स्थिति तो उनकी कांग्रेस में ही थी। ऐसे कई उदाहरण है, जो सत्ता-संगठन के लिए चुनौती हैं।

# कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा मध्यप्रदेश 7 महीनों में लिया 42 हजार करोड़ का कर्ज


**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार आज एक और लोन लेने जा रही है। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से यह 20वां लोन है, जो मध्यप्रदेश सरकार लेने जा रही है। एमपी सरकार इस बार 5200 करोड़ रुपए का लोन लेगी। इस तरह अब राज्य के कर्ज का कुल बोझ बढ़कर 4.64 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा।

5200 करोड़ रुपए लोन लेने के साथ ही पिछले सात महीनों में मध्यप्रदेश का कुल कर्ज 42,600 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। ऐसे समय में जब राज्य की वित्तीय हालत खराब चल रही है, और सरकार की वेलफेयर योजनाएं बढ़ रही हैं। लोन लेने के समय ने प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। एक ओर जहां प्रशासनिक अफसर कह रहे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल चल रहे प्रोजेक्ट्स और वेलफेयर स्कीम्स में किया जाएगा, वहीं आलोचकों का कहना है कि बढ़ता हुआ कर्ज और उसकी पेमेंट में देरी से राज्य की वित्तीय प्रबंधन की पोल खुल रही है।

बीते दिनों मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के आवास पर भाई दूज के मौके पर लाडली बहन योजना की लाभार्थी महिलाएं इकट्ठा हुई थीं। इन महिलाओं को उम्मीद थी कि उनको त्योहारों पर 250 रुपए की प्रतीकात्मक ट्रांसफर मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और महिलाएं निराश होकर लौट गईं। इस दौरान मोहन यादव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि बची हुई रकम अगले महीने खातों में भेज दी जाएगी। साथ ही 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए की नई किस्त मिल जाएगी।





## बजट के अभाव में लाड़ली बहनों को नहीं मिले अतिरिक्त 250 रुपए

वित्त विभाग के सूत्रों ने बताया कि पैसों के क्लियरेंस ना होने की वजह से 250 रुपए की त्योहारी किश्त मिलने में देरी हुई है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने शुरू में 15 अक्टूबर से पहले 1.26 करोड़ लाभार्थियों को एकमुश्त 1500 रुपए ट्रांसफर करने का प्लान बनाया था, लेकिन यह फैसला दीवाली और फिर उसके बाद भाई दूज और अब नवंबर तक टाल दिया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राष्ट्रीय एकता दिवस 31 को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार 31 अक्टूबर को इंदौर में भी राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जायेगा। इस दिन एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। साथ ही अन्य रचनात्मक कार्यक्रम/ गतिविधियां भी होंगी।

### बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर करेंगे पुनरीक्षण की कार्रवाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इस संबंध में जानकारी देने के लिये विधानसभा क्षेत्र वार राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जा रही है। इसी सिलसिले में गत दिवस राऊ विधानसभा के राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (SIR) के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी बैठक में दी गई। यह बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा द्वारा दिये निर्देशों के अनुक्रम में आयोजित की गई। बैठक में (SIR) के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। बताया गया कि आगामी 04 नवम्बर से प्रत्येक मतदाता को स्ढ्ढक्र हेतु निर्धारित एन्युमेरेशन फार्म उनके निवास पर बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया जायेगी। उसमे मतदाता की सम्पूर्ण जानकारी एवं पूर्व स्ढ्ढक्र2003 में मतदाता से संबंधित लिंकिग की जानकारी ली जायेगी। यह जानकारी दो प्रति में तैयार कराई जाकर एक प्रति मतदाता को सुरक्षित रखने हेतु दी जायेगी। ऐसे मतदाता जो प्रथम बार बीएलओ को नही मिलेंगे, उनके लिये बीएलओ तीन बार उनके घर जाकर फॉर्म भरने की कार्यवाही करेंगे। तीन बार में भी ना मिलने पर स्ष्ठक्र (अनुपस्थित, शिफ्ट, मृत, दोहरी प्रविष्टि) की सूची तैयार कर ईआरओ को प्रस्तुत करेंगे। जिन पर नियमानुसार नाम काटने की कार्यवाही की जायेगी। ऐसे मतदाता जिनका लिंक 2003 से नहीं मिलेगा, उनके संबंध में नोटिस दिया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बीएलओ यह कार्यवाही 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक ऑफ आईन तथा ऑन आईन करेंगे। उक्त बैठक विधानसभा क्षेत्र 210 राऊ के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गोपाल सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

### दिगम्बर जैन तीर्थ निर्देशिका' की लाखवीं प्रति बनेगी विश्व रिकॉर्ड, विमोचन 2 नवंबर को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज के इतिहास में 2 नवंबर का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। जैन समाज की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं लोकोपयोगी पुस्तक 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' अपनी 1,00,000वीं प्रति के साथ गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त करने जा रही है। इसका विमोचन समारोह 2 नवंबर को होगा। तीर्थ निर्देशिका समिति के अध्यक्ष संपादक हंसमुख जैन गांधी, महामन्त्री श्री डॉ. अनुपम जैन ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर का भव्य विमोचन समारोह रविवार, 2 नवम्बर 2025 को रवीन्द्र नाट्यगृह, इंदौर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यसभा सांसद एवं जैन जगत के वरिष्ठ नेता नवीन जैन (आगरा)। अध्यक्षता करेंगे जम्बू प्रसाद जैन (गाजियाबाद), अध्यक्ष – भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, मुंबई। विमोचनकर्ता होंगे – आजाद जैन एवं श्रीमती रविदेवी जैन (बिड़ीवाला परिवार), दीप प्रज्वलनकर्ता – महेंद्रकुमार जैन एवं श्रीमती संतोष जैन (बडजात्या परिवार),ध्वजारोहणकर्ता – आर. के. जैन (रानेका, इंदौर) रहेंगे।

### अग्रवाल वैश्य एकता प्रकल्प के मिलन समारोह में गौवंश की सेवा का अभियान चलाने का संकल्प

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अग्रवाल वैश्य एकता प्रकल्प के तत्वावधान में चैतन्य भारत और गौसेवा भारती के सदस्यों का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नपूर्णा महोत्सव का आयोजन सुदामा नगर स्थित प्रकल्प के कार्यालय पर महामंडलेश्वर संत दादू महाराज के सानिध्य एवं सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, समाजसेवी संजय बांकड़ा, कैलाशचंद्र खंडेलवाल, पार्षद जीतू राठोर, महापौर प्रतिनिधि भरत पारख एवं खाती समाज के महेश चौधरी के आतिथ्य में किया गया। सबने गौवंश की सेवा का अभियान चलाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से की जबरदस्ती, पिस्तौल से भी धमकाया

## किन्नर प्रकरण के आरोपी राजा हाशमी और भाई पर रेप और धर्म परिवर्तन का भी केस, दोनों भाइयों ने कई बार युवती का शारीरिक शोषण किया था

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● बुधवार रात हीरानगर थाने में युवती की शिकायत पर पुलिस ने किन्नर केस के आरोपी राजा पटेल उर्फ हाशमी और उसके भाई समीर हाशमी पर दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। मामला सामने आने के बाद देर रात हिंदूवादी नेता भी थाने पहुँचे थे। पुलिस इस घटना को हाल ही में हुए किन्नर समाज के विवाद और गैंगवार से जोड़कर भी देख रही है। थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि युवती की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ दुष्कर्म, धमकाने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी कंपनी में मजदूरी करती है। साल 2024 में जब उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, तब उसकी मुलाकात पालदा क्षेत्र की एक किन्नर से हुई । किन्नर ने उसे हीरानगर में आयोजित एक भंडारे में चलने को कहा और दावा किया कि वहाँ उसके गुरु रहते हैं जो उसकी सभी परेशानियाँ दूर कर देंगे। 16 अक्टूबर 2024 को पीड़िता उस किन्नर के साथ भंडारे में पहुँची। वहीं पर किन्नर ने उसकी मुलाकात राजा पटेल उर्फ हाशमी से करवाई और कहा कि वह तीन दिन बाद दोबारा आए तब वह गुरु से मिलवाएगा। इस दौरान राजा ने धोखे से उसका मोबाइल नंबर ले लिया । कुछ दिनों बाद राजा ने उसे मोबाइल पर कॉल कर मिलने बुलाया और धमकी दी कि अगर वह नहीं आई तो उसे जान से मार देगा। जब पीड़िता डर के मारे एमआर 10 क्षेत्र में पहुँची तो राजा ने उसकी मुलाकात अपने भाई समीर से करवाई। दोनों भाइयों ने उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाया। इंकार करने पर दोनों ने उसकी पिटाई की और धमकी दी कि जब भी बुलाया जाए उसे आना होगा। करीब 5 से 6 महीने तक डर के साये में पीड़िता वहाँ जाती रही और इस दौरान दोनों भाइयों ने कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। बाद में राजा ने पीड़िता पर दोनों भाइयों से शादी करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला। विरोध करने पर राजा ने उसके साथ मारपीट भी की। प्रताड़ना से डरकर पीड़िता अपने गाँव चली गई। गाँव में उसने अपनी पूरी व्यथा एक महिला वकील को बताई। वकील की मदद से हिंदूवादी कार्यकताओं और करणी सेना के पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। इसके बाद बुधवार देर रात करणी सेना के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हीरानगर थाने में दोनों आरोपियों राजा हाशमी और समीर हाशमी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### किन्नर सफेद साड़ी पहने हुए थे... किन्नरों ने मोमबत्ती के सात किया विरोध प्रदर्शन, आरोपी को फांसी की मांग

इंदौर। दुष्कर्म मामले को लेकर बड़ी संख्या में किन्नरों ने गुरुवार साम गांधीहाल से रीगल चौराहे तक हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान सभी किन्नर सफेद साड़ी पहने हुए थे और दुष्कर्मियों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी किन्नरों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि राजा हाशमी, उसके भाई समीर और सपना हाजी सहित अन्य आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए जो महिलाओं या किसी भी व्यक्ति की अस्मिता से खिलवाड़ करें। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि सपना हाजी के डेरे की जांच कर उसका अवैध अतिक्रमण हटाया जाए । उक्त जानकारी किन्नर गोल्डन बाई और नेहा तवर ने दी।

### पानी में बेहोशी की दवा

तीन दिन बाद जब पीड़िता दोबारा वहाँ पहुँची, तो राजा उसे ऊपर के एक खाली कमरे में ले गया। वहाँ उसने पीड़िता को पीने के लिए पानी दिया, जिसके बाद उसे बेहोशी जैसा महसूस होने लगा। इसी दौरान राजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद जब युवती ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो राजा ने उसे पिस्तौल दिखाकर धमकाया और कहा कि अगर उसने वही किया जो वह कहेगा, तभी सब ठीक रहेगा। जान के डर से युवती वहाँ से घर लौट गई।

# मिलावटखोरों के विरुद्ध फिर बड़ी कार्रवाई बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जप्त

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए इंदौर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत इंदौर जिले में गुरुवार को फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अमले द्वारा आज मिलावट खोर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने इंदौर के पल्हर नगर 60 फीट रोड स्थित एक मकान पर छापा मारा, जहाँ गिरिराज गुप्ता रहते हैं। बताया गया कि वे मल्हारगंज क्षेत्र में प्रभुश्री ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित करते हैं। निरीक्षण के दौरान मकान से बड़ी मात्रा में वनस्पति तेल, एसेंस और घी बरामद किया गया। साथ ही विभिन्न नामी ब्रांड सांची, अमूल, नोवा और मालवा के रैपर और आउटर कवर भी मिले, जिनका उपयोग उक्त व्यक्ति द्वारा अपने बनाए हुए घी को पैक करने में किया जाता था। मौके से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 6 नमूने (घी, तेल और एसेंस) के लिए हैं। कार्रवाई में कुल 27 डिब्बे वनस्पति, 13 डिब्बे तेल, 3 डिब्बे घी, 5 बोतल एसेंस और लगभग 350 रैपर जब्त किए गए हैं। संबंधित आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान घी निर्माता का परिसर बंद कराया गया। कलेक्टर वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त परिसर का निरीक्षण किया गया, उक्त स्थान पर घी का निर्माण एवं पैक किया जा रहा था। उक्त परिसर पर सांची, अमूल, नोवा एवं मालवा ब्रांड के नाम से पैकिंग की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान लिए गए विभिन्न ब्रांड के एवं संग्रहित लूज घी के नमूनों को विस्तृत जांच हेतु राज्य का परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। उक्त संस्थान से लगभग 600 लीटर घी,तेल जप्त किया गया है । घटनास्थल पर अमूल, साँची, नोवा और मालवा घी के खाली रैपर मिले हैं। संबंधित विक्रेता द्वारा अनाधिकृत रूप से उन कंपनियों के पैकेट खुद पैक किया जाना प्रतीत होता है।

# मंत्री सिलावट ने सांवेर मंडी का किया निरीक्षण, किसानों से की चर्चा

दैनिक इंदौर संकेत



**इंदौर** ● प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को सांवेर विधायक एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कृषि उपज मंडी सांवेर का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी सचिव रमेशचंद्र शारदीया भी मौजूद थे। मंत्री सिलावट ने मंडी परिसर में किसानों से चर्चा कर खरीदी की स्थिति जानी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में पानी, सफाई, भोजन व्यवस्था, तौल कांटा, कृषक विश्राम भवन सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री सिलावट ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भावांतर योजना से किसानों को उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने मंडी में उपलब्ध 5 रुपए प्रति थाली वाली भोजन व्यवस्था का स्वाद लेते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ भोजन भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के हर प्रयास को जमीनी स्तर तक लागू करने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर भारत सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेडिया, सुरेश सिंह धनखेड़ी, नप उपाध्यक्ष जीतू राज राठौर, पप्पू भावसार, पार्षद जयदीप कानूनगो, इंद्रेश चावड़ा, मोहन खंडेलवाल, सुभाष जैन, अमित लोबानिया, राहुल डाबी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिकगण उपस्थित थे।

# दक्षिणमुखी श्री सिद्ध हनुमान जी का सजा फूल बंगला, लगा छप्पन भोग, हुई महाआरती

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कालानी नगर स्थित दक्षिण मुखी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज में प्रतिवर्षानुसार गोपाष्टमी के पावन अवसर पर अन्नकूट महोत्सव साधु-संतों के पावन सानिध्य में मनाया। भगवान हनुमानजी को छप्पन भोग लगाएं गए, महाआरती हुई।

मंदिर के सुमित अवस्थी ने बताया कि मंदिर में गोपाष्टमी के पावन पर्व पर सुबह गौ माता का पूजन वेद मंत्रों के बीच किया। अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया। जिसमे दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान का विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया,56 तरह के पकवानों का भोग लगाया। मुख्य पुजारी हरि शरण त्रिपाठी ने 108 दीपो से महाआरती की, सैकड़ो भक्तों ने आरती में हिस्सा



लिया। अन्नकूट महोत्सव में पंचकुइयां पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास महाराज, भागवत आचार्य शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य साधु संत सम्मिलित हुए। संतों का हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया। महोत्सव में 10 हजार से अधिक ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला सहित अन्य ने भगवान के दर्शन किए। महोत्सव में पंडित गोविंद अवस्थी, दीपू मिश्रा, प्रेम सिंह दिखित,शुभम यादव, नवीन तिवारी, अजय अवस्थी, बब्बी पांडे, लाला शुक्ला ,दीप्ती शुक्ला, ज्योति भदौरिया,आशुतोष मिश्रा, गिरजाशंकर शुक्ला, बबलू भदौरिया, बंटू ठाकुर लक्छमन सिंह चौहान,बिट्ठू पाल, अंकित अवस्थी रानू तिवारी बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### धर्म और सदाचार का पालन करे : अग्रपीठाधीश्वर




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● ईमानदारी से धर्म और सदाचार का पालन करे, कभी किसी की निंदा नहीं करे, क्षमा,दया ,करुणा का व्यवहार करना चाहिए, राष्ट्र के प्रति हर व्यक्ति की भक्ति होनी चाहिए,जो भगवान के शरणागत होकर रहते है उनको कभी आंच नहीं आती है, व्यावहारिक जीवन में सच्चाई बहुत ही आवश्यक है, आडंबर नहीं होना चाहिए,व्यक्ति अगर कोई बड़े पद पर आ जाता है तो उसमे अहंकार आ जाता है, जबकि अहंकार कभी नही करना चाहिए,अहंकारी कभी नही बने,व्यक्ति को किसी के प्रति दुर्भावना नही रखना चाहिए, व्यक्ति के कर्म ही उसको श्रेष्ठ बनाते है,जिस दिन परमात्मा मनुष्य के जीवन में आ जाते है उस दिन से ही आनंद शुरू हो जाता है,सुख पुण्य का फल है। यह बातें गुरुवार को श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर – मलुकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने बैकुंठवासी श्रीमती रामप्यारी देवी मेंदोला और स्व. चिंतामणि मेंदोला की स्मृति में नंदानगर स्थित गणेश मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन कही।

# कामधेनु गौमाता को छप्पन भोग अर्पण कर,108 दीपों से हुई महाआरती



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नंदानगर स्थित साईनाथ नाथ मंदिर गौशाला में आंवला नवमी के अवसर पर एक अद्भुत आयोजन हुआ। स्व. श्रीमती रामप्यारी मेंदोला की पुण्य स्मृति में विश्व का पालन करने वाली कामधेनु गौमाता को छप्पन भोग अर्पण किए। इसके बाद गौशाला में 108 दीपो से महाआरती भी हुई। आयोजन में अग्रपीठाधीश्वर – मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने गौ पूजन किया। इस अनूठे अनुष्ठान में सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया। अनुष्ठान के प्रारंभ मे ब्राह्मणों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के अग्रपीठाधीश्वर – मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज, विधायक रमेश मेंदोला ने गौमाता का पूजन अर्चन किया। इसके बाद कामधेनु गौमाता को छप्पन भोग अर्पित कर 108 दीपो से महाआरती की गई। इसमें गौमाता को छप्पन व्यंजनों का भोग लगाकर सबके कल्याण की कामना की। इस अवसर पर विजय मित्तल, प्रकाश मेंदोला,रत्नेश मेंदोला सहित अनेक भक्त मौजूद थे।

### प्रथम चरण में सभी जिलों में श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय के माध्यम से प्राकृतिक गैस मंत्रालय को ज्ञापन भेजा गया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● उक्त चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत उसके द्वितीय चरण में आज दिनांक 29 10 25 को रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा पर सभी एल पी जी वितरकों द्वारा शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक तरीके से मसाल जुलूस निकाला गया एवं मोमबत्ती जलाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया गया आज का आंदोलन प्रत्येक जिले में पूरे देश में किया जा रहा है हमारी मांग के अंतर्गत इस आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है इस आंदोलन में विशेष रूप से उपस्थित थे यज्ञेश राठी, गोपाल वर्मा, श्रीमती प्रेमलता ओझा, टी आर पगारे, श्रीमती नेहा तोमर, जे पी शर्मा, श्रीमती सरला चौधरी, के के धनोतिया, राजेश उपाध्याय, पप्पू भावसार, सुनील शर्मा,, कार्तिक पिसे, धीरज राठौर कारण राठौर, गोविन्द मंगल, आदित्य अग्रवाल, सम्यक जैन, सोहन सिसोदिया।

### सोयाबीन के उचित भाव नहीं मिलने पर किसानों ने विरोध कर मंडी बंद कराई



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भावांतरण योजना के विरोध में मध्य प्रदेश और अन्य क्षेत्रों में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। यह योजना किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन कई किसानों और किसान संगठनों द्वारा उचित मूल्य नहीं मिलने पर इसका विरोध किया है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के आव्हान पर इन्दौर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर ने नेतृत्व में किसानों ने लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में कम भाव में सोयाबीन खरीदें जाने एवं उचित मूल्य नहीं मिलने पर जोरदार नारों के साथ प्रदर्शन किया, इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेसजन शामिल थे। जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जीतू ठाकुर ने कहा आरोप लगाया कि सरकार ने योजना शुरू करने से पहले दरें स्पष्ट नहीं की, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है, एवं व्यापारियों की मनमानी का भुगतान किसानों को उठाना पड़ रहा है, व्यापारी सिंडिकेट बनाकर मनमानी कर रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर 2 दिवसीय अन्नकूट महोत्सव 3 नवंबर से होगा

**इंदौर** ● माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादुनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान में मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ के तपोनिष्ट संत ब्रह्मलीन सद्गुरु लादुनाथ महाराज की प्रेरणा से महादेवजी का स्थापना दिवस एवं दो दिवसीय 26वां चातुर्मास समापन उत्सव 3 एवं 4 नवंबर को आयोजित होगा। आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सनिध्य में पुजारी योगेश एवं सचिन सुईवाल ने बताया कि 3 नवंबर सोमवार को त्रयोदशी पर महामृत्युंजय अनुष्ठान की पूर्णाहुति तथा अखंड रामायणपाठ का शुभारंभ होगा। मंगलवार 4 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी पर हवन-पूजन के साथ अखंड रामायणपाठ का समापन तथा महाप्रसादी का क्रम शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ क्षेत्र के संत महंत एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। भक्त मंडल के दामोदर सुईवाल, रामचंद्र मंडावरा, रामलाल सवारवाल, बाबूलाल जैन, रोहित सियोटा एवं सत्यनारायण जाट को विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा सौंपा गया है।

### धरावरा धाम पर अन्नकूट महोत्सव संपन्न, शामिल हुए 20 गांवों के भक्त

**इंदौर** ● धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के साथ सौल्लास संपन्न हुआ। 5 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी का पुण्यलाभ उठाया। आयोजन के प्रमुख डॉ. सुरेश चौपड़ा, सुधीर अग्रवाल एवं नानूराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव में आसपास के 20 गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज का अन्नकूट एवं समाजरत्न अलंकरण समारोह रविवार को

**इंदौर** ● श्री जिझौतिया ब्राह्मण समाज इंदौर इकाई उत्सव समिति के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव, 56 भोग, पुष्पबंगला एवं जिझौतिया रत्न अलंकरण समारोह - 2025 का आयोजन रविवार 2 नवंबर को बड़ा गणपति स्थित हंसदास मठ प्रांगण पर होगा। समाज के इंदौर इकाई के अध्यक्ष पं. दिनेश पुरोहित, सचिव अशोक रिछारिया एवं सुनील मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास के सानिध्य एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन एवं राज्य शासन के म.प्र. परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया विशिष्ट अतिथि होंगे। विद्याधाम के पं. दिनेश शर्मा, आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, पार्षद पं. अभिषेक बबलू शर्मा, पं. राकेश चतुर्वेदी भोपाल, पं. संदीप तिवारी भोपा एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत विशेष अतिथि होंगे। समाज के प्रदेशाध्यक्ष पं. प्रह्लाद किशोर मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर गत 44 वर्षों से समाज को समर्पित प्रख्यात समाजसेवी पं. रमेश लिटौरिया को जिझौतिया रत्न अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा।

### साजन नगर में नवनिर्मित खाटू श्याम बाबा के दिव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का 2 दिनी महोत्सव आज से

**इंदौर** ● नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों से सहयोग से खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होने पर शुक्रवार 31 अक्टूबर एवं शनिवार 1 नवंबर को नवनिर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय दिव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि इंदौर श्याम प्रेमी संघ के तत्वावधान में इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 31 अक्टूबर को आचार्य पं. पुरुषोत्तम भरद्वाज के मार्गदर्शन में विद्वानों द्वारा मंडल स्थापना, प्रतिमाओं के अन्नाधिवास, जलाधिवास एवं फलाधिवास सहित दिव्य विधान किए जाएँगे। विधि-विधान के साथ श्याम बाबा के शीश की आध्यात्मिक ऊर्जा का आह्वान भी होगा। बाबा के शीश की प्रतिमा जयपुर से बनवाकर बुलवाई गई है। शनिवार देवउठनी एकादशी एक नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य महोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह वैदिक मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच सुबह 11 से 12.30 बजे अभिजीत मुहूर्त में होगा। सुबह 9 बजे से खाटू श्याम जी के शीश की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रारंभ होगा तथा दोपहर में श्याम बाबा का जन्मोत्सव, पूजन एवं मंगल आरती होगी तथा शाम 7 बजे से भव्य भजन संध्या के पश्चात महाप्रसादी का वितरण होगा। यह मंदिर करीब 1 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनवाया गया है। क्षेत्र के भक्तों के सहयोग से इस मंदिर को नवलखा क्षेत्र में श्याम बाबा के मुख्य मंदिर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# एनसीईआरटी का बड़ा फैसला बदलेगा साइंस का सिलेबस

## 6वीं से 8वीं तक अब पढ़ना होगा आयुर्वेद

**भोपाल (एजेंसी)** ●राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने एक बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है जिसके तहत शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव देखा जा सकता है। कक्षा 6 से 8वीं कक्षा तक के छात्रों को अब आयुर्वेद की पढ़ाई करनी होगी। ये पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप है। स्कूलों में 6 से 8वीं कक्षा के छात्रों के साइंस सिलेबस में आयुर्वेद के चैप्टर शामिल किए जाएंगे। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी के अनुसार ये कदम स्कूल के छात्रों को सिर्फ वैज्ञानिक ज्ञान देने के लिए नहीं बल्कि शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिहाज से बढ़ाया गया है। बच्चे स्वास्थ्य, पोषण



और पर्यावरण संतुलन के बारे जानकारी हासिल कर सकेंगे। एनसीईआरटी कक्षा 6 साइंस के सिलेबस में आयुर्वेद के 20 गुण जैसे मूलभूत सिद्धांत शामिल होंगे। जबकि, कक्षा 8वीं को ऋतुचर्या, दिनचर्या और स्वास्थ्य संतुलन जैसे विषयों के बारे में पढ़ाया जाएगा। इसके जरिए छात्रों में सिर्फ किताबों तक बदलाव सीमित नहीं रहेगा बल्कि, भारत की वैज्ञानिक विरासत की तरफ भी छात्र प्रेरित हो सकेंगे। स्कूलों तक ही ये सीमित नहीं रहेगा बल्कि त्रष्ट भी कॉलेजों में जल्द आयुर्वेद का विस्तार कर सकता है। कॉलेज में आयुर्वेद-केंद्रित कोर्स के लिए टीचर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए यूजीसी और आयुष मंत्रालय मिलकर यूनिवर्सिटी और कॉलेज में आयुर्वेद को मेडिकल एजुकेशन के सिलेबस में शामिल करेंगे। शिक्षकों के लिए नए विषय पढ़ाने के लिए वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

# मप्र वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शौकत को भाजपा ने दिखा दिया बाहर का रास्ता

**भोपाल (एजेंसी)** ●मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा नेता शौकत मोहम्मद खान को भोपाल के बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यती ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। शौकत मोहम्मद खान पर कई गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज है। हाल ही में उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शौकत खान पर 10 हजार के नगद इनाम की घोषणा की थी।

### पार्टी से निष्कासित

भोपाल बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यती ने शौखत मोहम्मद खान को पार्टी से बाहर कर दिया है। रविंद्र यती द्वारा जारी आदेश में लिखा है कि, 'आपके द्वारा किए गये आपराधिक कृत्य की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आपको संगठन की मर्यादा, सभ्यता एवं दायित्वों के प्रतिकूल आचरण के कारण भारतीय जनता पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।'

### ये है आरोप

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता शौकत मोहम्मद खान पर समानांतर वक्फ बोर्ड चलाने और न्यायालय में फर्जी कागजात और शपथपत्र दाखिल किये थे। इसे लेकर धारा 420 समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। शौकत खान पुलिस को चमका देकर लंबे समय से फरार चल रहा है।

# आंवला नवमी पर श्री चंद्रमौलिश्वर महादेव मंदिर में भव्य अन्नकूट व 56 भोग महोत्सव सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ●आंवला नवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को श्री चंद्रमौलिश्वर महादेव मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य अन्नकूट महोत्सव और श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित कर पूजन-अनुष्ठान संपन्न हुआ। पुराने तहसील कार्यालय के समीप स्थित इस ऐतिहासिक मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी ।पूजन की शुरुआत श्री लक्ष्मी-नारायण की महा-आरती से हुई, जिसमें स्तुति-संकीर्तन और मंत्रोच्चार ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। आरती और संकीर्तन से पूरा परिसर गूंज



उठा। गौ-संतों, ब्राह्मणों और नगरवासियों ने श्रद्धा से कन्या पूजन और सौभाग्यवती पूजन में भाग लिया। चटवाड़ा गाँव के संत महाराज ने विशेष रूप से उपस्थित होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किए गए और सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित कर अभ्यर्थना सहित सत्कार किया गया। मंदिर प्रांगण में सजावट, भोग-विन्यास और प्रसाद वितरण की व्यवस्था अत्यंत व्यवस्थित रही। सामुदायिक सहयोग और आध्यात्मिक उन्नयन का संगम । पंडित गौरव शरद व्यास ने सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का स्वागत कर पूजा-संस्कार का सफल संचालन किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक परंपराओं को संजीवित करने के साथ समाज में एकता, भक्ति और सेवा भावना को भी प्रबल करते हैं।

# 1 नवंबर से अभ्युदय प्रदेश, ड्रोन शो, आतिशबाजी, महानाट्य और संगीत कार्यक्रम होंगे

**भोपाल (एजेंसी)** ●मध्यप्रदेश इस बार अपना 70वां स्थापना दिवस अभ्युदय मध्यप्रदेश शीर्षक से मनाने जा रहा है। राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में 1 से 3 नवंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय समारोह की थीम उद्योग एवं रोजगार वर्ष रखी गई है। संस्कृति विभाग के अनुसार, इस वर्ष का उत्सव प्रदेश के विकास, रोजगार सृजन और जनसहभागिता को समर्पित रहेगा। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि अभ्युदय मध्यप्रदेश केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक साझा प्रयास है। यह समारोह हमारे प्रदेश की प्रगति, परंपरा और परिश्रम की यात्रा का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में हम इस आयोजन को प्रदेशव्यापी स्वरूप दे रहे हैं, ताकि हर जिला इस उत्सव से जुड़ सके। उन्होंने बताया कि समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे, जबकि समापन कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान प्रदेश के जनजातीय कलाकारों, युवा उद्यमियों और नवाचारकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। भोपाल में तीनों दिन कार्यक्रम का आयोजन शाम 6.30 बजे से होगा।

### प्रमुख स्थानों पर सांस्कृतिक यात्रा निकाली जाएगी

स्थापना दिवस से पहले 30 और 31 अक्टूबर को भोपाल के प्रमुख स्थानों पर सांस्कृतिक यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद और क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। संस्कृति विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर पर परिवार सहित आयोजन में शामिल हों और प्रदेश की उपलब्धियों का हिस्सा बनें। समारोह स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग और स्वास्थ्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है।

# श्रीविद्याधाम पर आंवले के वृक्ष के नीचे हरि-विष्णु का पूजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आंवला नवमी के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर स्थित आंवले के वृक्ष के नीचे महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 11 विद्वानों द्वारा भगवान हरि -विष्णु का पूजन किया गया। संध्या को अन्नकूट महोत्सव में 15 हजार से अधिक भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। आंवले के वृक्ष को साड़ियों एवं चुनरियों से श्रृंगारित किया गया था। इस अवसर पर आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, रमेशचंद्र राठौर, पवन माहेश्वरी, चंदन तिवारी सहित सैकड़ों भक्तों ने आंवले के वृक्ष की पूजा कर आरती में भी भाग लिया। आश्रम पर सुबह से आंवले के वृक्ष की पूजा करने के लिए महिलाओं के समूह आते रहे। महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। संध्या को मां भगवती पराम्बा एवं मंदिर स्थित सभी देवालयों में छप्पन भोग समर्पित कर महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान हरि-विष्णु से समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

# देपालपुर में नगर परिषद ने चलाया आवारा पशु को पकड़ने का अभियान

## इंदौर नगर निगम की टीम ने संभाली जिम्मेदारी, जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से नगरवासियों में उत्साह

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत** देपालपुर नगर परिषद ने स्वच्छता और व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए नगर को आवारा पशु मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। गुरुवार, 30 अक्टूबर को इंदौर नगर निगम की विशेष टीम ने नगर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया। इस कार्रवाई से नगरवासियों में सुरक्षा, स्वच्छता और सकारात्मक बदलाव की भावना प्रबल हुई है। देपालपुर को आवारा पशु मुक्त बनाया जाएगा। इस संकल्प को साकार करने में नगर परिषद अध्यक्ष प्र. महेशपुरी गोस्वामी ने अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयं टीम के साथ मिलकर पशुओं को पकड़वाया और उन्हें सुरक्षित रूप से रेशम केंद्र स्थित गौशाला तक पहुंचाया।

इंदौर नगर निगम की टीम ने नगर की सड़कों पर घूम रहे दर्जनों मवेशियों को पकड़कर रेशम केंद्र गौशाला में छोड़ा, जहां उनकी उचित देखभाल की व्यवस्था की गई है। पहली बार पकड़े गए पशुओं के मालिकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दोबारा गलती पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में नगर परिषद उपाध्यक्ष गोपाल कटेसरिया, वरिष्ठ पार्षद सोमिल माली, सतीश मारू, और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के संकल्प के साथ सक्रिय भूमिका



निभाई। यह सामूहिक प्रयास देपालपुर को एक आदर्श नगर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

देपालपुर के गौ रक्षक दल ने भी इस मुद्दे को कई बार ज्ञापन के माध्यम से उठाया था। उनकी मेहनत रंग लाई और अभियान को गति मिली। दल के प्रमुख सदस्य जसु चौधरी, राज बाथम, निखिल चौधरी, मनीष जोशी, अंकित चौधरी, और अंकित जोशी ओर अनेक गौ रक्षक दल के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे नगर परिषद अध्यक्ष प्र. महेशपुरी गोस्वामी के निर्देश पर नगर में साफ-सफाई अभियान भी जोरों से चल रहा है। नगर की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में नियमित सफाई की जा रही है। नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और आए दिन नई-नई तस्वीरें स्वच्छता की सामने आ रही हैं।

# विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से गोपाष्टमी पर्व मनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रचार प्रमुख अन्नु गहलोत एवं दीपक साहू ने बताया इंदौर के बद्रीनाथ जिला में सुयश विहार के रहवासियों ने गोमाता की पूजा कर दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत सेवा प्रमुख मुकेश चौधरी ने बताया कि आज के दिन ही यशोदा माता ने भगवान श्री कृष्ण को गोमाता विचरण करने के लिए वन में जाते समय रक्षा सूत्र बांधकर गोवंश की रक्षा का संकल्प दिलवाया था। इसके बाद ही उन्हें गोपाल नाम मिला। गोमाता हमारी संस्कृति की पहचान होने के साथ ही द्वापर युग में आर्थिक संपन्नता की भी आधारशिला मानी जाती थी । इसीलिए इसे गोधन भी कहा जाता है। गो माता की रक्षा के



लिए ही भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण किया था। लेकिन आज हमारी गोमाता का विधर्मियों द्वारा तिरस्कार और अपमान किया जाता है, गोवंश की तस्करी करने वाले मां का रक्त बहाते है। गोमाता की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज को जागृत ओर संगठित किया जाना होगा, देश में कठोर कानून बनाया जाना भी आवश्यक है।

# चोइथराम मंडी में रोज आ रहे 70 से ज्यादा ट्रक प्याज, मंडी में जाम जैसे हालात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चोइथराम मंडी में प्याज की आवक इतनी ज्यादा हो रही है कि मंडी में ट्रक खाली करने की जगह नहीं बची। मंडी प्रशासन को किसानों को कहना पड़ा कि वे फिलहाल प्याज न लाए। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के जिलों से हर दिन 70 से ज्यादा ट्रक आ रहे है। इस साल भी भरपूर प्याज की फसल होने के कारण यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्याज के भाव नए साल में भी ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। उधर भाव ज्यादा मिलने की उम्मीद के चलते कई किसानों ने प्याज स्टॉक कर रखा था, लेकिन बारिश होने और चार दिन पहले प्याज के कीमत में थोड़ा इजाफा होने के कारण किसानों भरपूर मात्रा में प्याज मंडी तक ले आए है। इस कारण फिर प्याज के भाव एक रुपये बुधवार को टूट गए। पिछले सप्ताह प्याज के भाव 14 रुपये तक गए थे। भाव बढ़ने के बाद किसानों ने इंदौर मंडी में प्याज लाना शुरू कर दिए है। बुधवार को प्याज थोक रेट में 12 से 13 रुपये किलो बिका।

मंडी में प्याज की आवक आम दिनों की तुलना में ज्यादा रही। जो प्याज एक दिन पहले मंडी में आया था, वह उठ नहीं पाया और बुधवार को फिर ट्रकों का जमावड़ा लग गया। इस कारण मंडी में जाम जैसे हालात बन गए। कई ट्रक तो मंडी के बाहर भी खड़े नजर आए। आने वाले दिनों में प्याज की आवक मंडी में और बढ़ेगी। इंदौर मंडी में महाराष्ट्र की तरफ से भी काफी मात्रा में प्याज आ रहा है। मंडी प्रशासन का कहना है कि सोमवार और मंगलवार को बारिश होने के कारण प्याज खराब होने का खतरा था।

## सम्पादकीय

### ट्रंप के यू-टर्न से खुले भारत-अमेरिका रिश्तों के नए रास्ते, चाबहार से हुई शुरुआत

चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इस मार्ग से भारत के लिए यूरोप तक पहुंचना आसान हो जाएगा। साथ ही इससे ईरान तथा रूस को भी लाभ मिल सकता है। पिछले कुछ समय से भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह के उतार-चढ़ाव लगातार कायम हैं, उसमें फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। मगर यह जरूर कहा जा सकता है कि अब फिर से संबंधों को सहज बनाने के अवसर निकाले जा रहे हैं, माहौल को सकारात्मक बनाया जा रहा है। मसलन, दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सीईओ शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर रहा है। दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से गुरुवार को कहा गया कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी है। गौरतलब है कि सितंबर के आखिर से अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वालों पर प्रतिबंध लागू कर दिया था। दरअसल, भारत ने पिछले वर्ष मई में चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए अगले दस वर्षों तक के लिए एक अनुबंध किया था। इससे भारत को मध्य एशिया के देशों के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। यह इस लिहाज से अहम है कि विदेश की धरती पर भारत को पहली बार किसी बंदरगाह के प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली थी। चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इस मार्ग से भारत के लिए यूरोप तक पहुंचना आसान हो जाएगा। साथ ही इससे ईरान तथा रूस को भी लाभ मिल सकता है। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जब दूसरे देशों को अपनी नीतियों के मुताबिक संचालित करने के मकसद से शुल्क लगाने की घोषणा की, तब उसके लिए कुछ अन्य कदम भी उठाए, जिसमें रूस से तेल खरीदने के मसले पर भारत पर जुर्माना लगाने से लेकर चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वालों पर पाबंदी लगाना भी शामिल था। जाहिर है, यह नीति वास्तव में एक स्थिति से निपटने के लिए दूसरी नई समस्याओं को गढ़ना था, जिसका कोई औचित्य नहीं था। यह बेवजह नहीं है कि ट्रंप को अपनी ही घोषित नीतियों पर नरम पड़ने या उसमें बदलाव करने की जरूरत महसूस होती रही है। पिछले कुछ महीनों के दौरान अलग-अलग मुद्दों पर अपनी घोषणाओं के मसले पर उनके रुख में कई बार बदलाव देखा गया।

# कर्मचारियों के लिए अच्छे दिन का वायदा

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने पर देश के लोगों के लिए अच्छे दिन लाने का वादा किया था, उन्होंने हर क्षेत्र में काम करना शुरू कर दिया और अब, कृषि, बेरोजगारी और गरीबी के खिलाफ एक भयंकर लड़ाई लड़ते हुए, उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के कार्यान्वयन की घोषणा की। आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य सचिव होगा, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति रंजना देसाई करेंगी। जब अरुण जेटली वित्त मंत्री थे, जब सातवां वेतन आयोग लागू हुआ था। उन्होंने कहा था कि सरकारी कर्मचारियों और निजी कर्मचारियों के बीच वेतन के भारी अंतर को दूर करने के लिए 7वां वेतन आयोग लागू किया जा रहा है। अब जब आठवां वेतन आयोग लागू हो रहा है, तो सरकारी कर्मचारियों को न केवल इस आयोग की सिफारिशों का लाभ मिलेगा बल्कि निजी कर्मचारियों के प्रति असमानता और ईर्ष्या की भावना भी दूर होगी। 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 1.1.2026 से लागू होने की उम्मीद है। 50 लाख सरकारी कर्मचारी और 69 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारी योजना का लाभ उठा सकेंगे। वेतन आयोग की सिफारिशें देश की आर्थिक स्थिति और वित्तीय ज्ञान के अनुरूप दी जाएंगी। इस सिफारिश से कर्मचारियों के वेतन में औसतन 30 से 34 प्रतिशत की वृद्धि होगी और संभावित महंगाई भत्ते को मूल वेतन में भंग कर दिया जाएगा। बेशक, राज्य सरकारों को केंद्र की नीति का पालन करना होगा और कुछ राज्य ऐसा कर पाएंगे। लेकिन उन्हें केंद्र के पीछे जाना होगा और उनके लिए कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। फिटमेंट फैक्टर की गणना मूल वेतन को गुणा करके की जाती है। इन सिफारिशों का केंद्र सरकार पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि उसे वेतन वृद्धि और अन्य सहायक खर्चों को अन्य सरकारी योजनाओं और उनके खर्च के साथ संतुलित करना होगा। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का तात्कालिक प्रभाव यह होगा कि आर्थिक विकास बढ़ेगा और खपत बढ़ेगी और आर्थिक चक्र सुचारू होगा। आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद कर्मचारियों के मूल वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जबकि महंगाई भत्ते के साथ-साथ यात्रा भत्ते में भी काफी वृद्धि होगी। इससे मांग बढ़ेगी और आर्थिक चक्र सुचारू रूप से चलेगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह घोषणा की और सरकारी कर्मचारियों में उत्साह की लहर दौड़ गई क्योंकि कर्मचारियों का मूल वेतन 50,000 रुपये, मकान किराया भत्ता 24 प्रतिशत की दर से और टीए 55 प्रतिशत की दर से है। अगर मौजूदा सैलरी 500 रुपये और 9100 रुपये है तो उस कर्मचारी की कुल सैलरी 1,15,000 रुपये होगी। इसका मतलब है कि सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में 12 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। आम राय यह है कि आठवां वेतन आयोग लागू होने पर कर्मचारियों की वित्तीय स्थिति में सुधार और महंगाई कम करने पर इसका बड़ा असर पड़ेगा। इसका सीधा असर केंद्र सरकार पर पड़ेगा और यह लाखों कर्मचारियों के वोटों को प्रभावित कर



सकता है। अधिक धन हाथ में आएगा और वे अधिक खर्च कर पाएंगे। क्योंकि उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च कर सकेंगे। इससे आने वाले चुनावों में केंद्र को फायदा होगा और यह एक अनिवार्य कारक है। क्योंकि कोई भी सरकारी कर्मचारी परेशान नहीं हो सकता। बेशक, राज्य सरकारों को सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करनी होगी और वे इससे प्रभावित हो सकते हैं। महाराष्ट्र जैसे उन्नत राज्यों को छोड़कर अन्य राज्य बहुत पिछड़े हैं। उन्हें कर्मचारियों को जितना हो सके वेतन वृद्धि देनी होगी। बेशक सरकार को इन सिफारिशों को लागू करते समय सावधानी बरतनी होगी, यानी वित्तीय अनुशासन बनाए रखना होगा, जो योजनाएं गैर-अंशदायी हैं, उनकी फिर से जांच करनी होगी और जरूरत पड़ने पर बंद करना होगा। बेशक इस पर विपक्ष मुखर होगा, क्योंकि सरकार के पास पैसा नहीं है, तो वह इतने सारे सरकारी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि क्यों दे, और अगर उसे इतनी बढ़ोतरी देनी है, तो सरकार को इसके लिए पैसा कहां से मिलेगा? लेकिन विपक्ष की लोमड़ी का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि हर सरकार का अपने कर्मचारियों का हित होता है। आपको इसे देखना होगा और अन्य योजनाओं को जारी रखना होगा। इसलिए, इन विरोधियों के शब्दों का कोई अर्थ नहीं है। यह काम सरकार को करना है और मोदी सरकार ने भी किया है। वेतन आयोग की घोषणा के 73 दिन बाद अब 8वां वेतन आयोग कर्मचारियों की नजरों में आ गया है। विपक्ष ने सरकार से सवाल किया है कि आठवें वेतन आयोग को लागू करने में देरी क्यों हो रही है। उनका दावा है कि सरकारी कर्मचारी इस देरी से नाखुश हैं, लेकिन अब जब केंद्र ने घोषणा कर दी है और वेतन वृद्धि 2027 से लागू हो रही है, तो विपक्ष ने हवा खो दी है। मोदी ने सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी दी है और अब लगता है कि परिणाम अगले चुनावों में दिखेंगे।

जहां तक महाराष्ट्र राज्य का सवाल है, सरकार कर्मचारियों के वेतन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और 9.5 लाख करोड़ रुपये के ऋण पर ब्याज पर 3,12,556 करोड़ रुपये या कुल 7 लाख करोड़ रुपये के बजट का 56 प्रतिशत महाराष्ट्र के सिर पर खर्च करने के लिए बाध्य है। सरकार बजट में 4.12 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की देनदारी से बच नहीं सकती। इससे विकास कार्यों और लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार के हाथ में 2.88 लाख करोड़ रुपये बचे हैं। अगर आठवां वेतन आयोग भविष्य में 10 फीसदी वेतन बढ़ोतरी की सिफारिश करता है तो भी सरकार पर 20 से 25 हजार करोड़ रुपये का बोझ बढ़ जाएगा। महाराष्ट्र सबसे बड़ा जीएसटी राजस्व अर्जक है और जीएसटी के माध्यम से केंद्र से 22,000 से 28,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों में 25 से 32 प्रतिशत रिक्तियां कर्मचारियों की भर्ती न होने के कारण खाली हैं। एक ही पद पर काम करने वाले स्थायी और अनुबंधित कर्मचारियों की सैलरी में भारी अंतर है।

सरकारी काम करो छह महीने रुको कहावत जगजाहिर है। काम बंद करो और पैसे खो दो ज्यादातर विभागों की कार्यशैली बन गई है। हर दिन कोई न कोई छोटा-बड़ा अधिकारी, कोई कर्मचारी पांच-कुछ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा जाता है। अगर वह ऐसा करते भी हैं तो उनकी सैलरी का आधा हिस्सा अगले महीने उनके खाते में जमा हो जाता है। अगर निलंबन लंबे समय तक चलता है तो वेतन का 75 फीसदी हिस्सा वसूला जाएगा। सरकार को यह अनिवार्य करना चाहिए कि नए वेतन आयोग के कार्यान्वयन के समय करोड़ों रुपये प्राप्त करने वाले और लाखों रुपये का वेतन प्राप्त करने वाले इन अधिकारियों और कर्मचारियों को वेतन का एक पैसा भी न दिया जाए। निलंबन के दौरान सरकारी अधिकारियों के वेतन को जारी रखने के इस प्रावधान को तत्काल समाप्त करने की आवश्यकता है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

### हेल्दी और टेस्टी! झटपट बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल पालक कोफ्ता, ये है आसान रेसिपी

ठंड में हरी सब्जियों का लुत्फ उठाते हुए, पालक-आलू से हटकर कुछ नया बनाना चाहते हैं, तो इस बार घर पर पालक कोफ्ता की आसान और स्वादिष्ट रेसिपी ज़रूर ट्राई करें। यह विधि कोफ्ता बॉल्स और उसकी ग्रेवी बनाने के हर स्टेप को विस्तार से बताती है, जिससे आप झटपट पौष्टिक और लजीज पालक कोफ्ते तैयार कर सकते हैं। ठंड के मौसम में हरी सब्जियां खूब खाई जाती हैं। अभी आपको बाजार में हरी सब्जियां पालक, सोया-मेथी, सरसों का साग और बथुआ देखने को जरुर मिल रहा है। अब सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा पालक की सब्जी खाई जाती है। अगर आप पालक-आलू खाकर बोर हो गए हैं, पालक की कुछ यूनीक डिश बनाना चाहती हैं, तो आप कोफ्ता की सब्जी जरुर बनाएं। घर पर काफी टेस्टी पालक कोफ्ते बना सकते हैं। पालक कोफ्ता को इस आसान विधि से बना सकते हैं।

#### पालक कोफ्ता कैसे बनाएं

- सबसे पहले आप कोफ्ता को बनाने के लिए पालक को अच्छे से साफ करके धुल लें।
- अब इसे थाली में कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप पालक की डंडियों को हटाएं। फिर आप पालक को काट लें।
- एक बड़ा कटोरे में बेसन लें, इसमें थोड़ा पानी डालते हुए मिक्स करते गाढ़ा घोल तैयार कर लें। ● इस बेसन के घोल में बारीक कटा हुआ अदरक, कटी हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर और आधा छोटी चम्मच नमक डालकर अच्छे से मिलाएं।
- अब आप इसमें काट कर रखी हुई पालक डालकर चम्मच की मदद से मिलाएं।
- इसके बाद कढ़ाई में तेल डालकर गरम कर उसमें थोडा सा मिश्रण डालकर चेक करें कि तेल अच्छे से गर्म हो गया है या नहीं।
- फिर आप गोल-गोल करके कोफ्ता का आकार देते हुये तेल में डालें। ● एक बार में जितने कोफ्ते आ जाएं डालकर पलट-पलट कर गोल्डन ब्राउन होने तक तलें। अब तले हुये कोफ्ते प्लेट में निकालें।

#### पालक कोफ्ता की ग्रेवी कैसे बनाएं

- कोफ्ता बॉल बनाने के लिए सबसे पहले कढ़ाई में 2 टेबल स्पून तेल डालें।
- तेल गर्म होने के बाद इसमें जीरा, हींग, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर डालकर भून लीजिए।
- अब आप इसमें लाल मिर्च पाउडर डालकर मसालों को लो फ्लेम तक भून लीजिए।

## आंचलिक

# मक्का के कम दाम पर किसानों का प्रदर्शन,12% नमी वाली मक्का के लिए 2000 रुपए प्रति क्विंटल की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** ●खरगोन जिले के भीकनगांव में मक्का के कम दामों को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने खंडवा-बड़ोदरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोपहर 1 बजे से आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। गीली मक्का 1100, सूखी 1400 में बिकने से भड़के किसान उपज मंडी में सूखी मक्का की नीलामी 1400 रुपये प्रति क्विंटल और गीली मक्का की 1100 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर होने से किसान नाराज थे। किसानों का आरोप था कि इन भावों पर उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है। सूचना मिलने पर टीआई गुलाब सिंह रावत सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसानों ने आरोप लगाया कि मक्का की खरीद मनमाने ढंग से की जा रही है।

पूनासला के किसान राहुल और लोमेश सिंह ने बताया कि शासन-प्रशासन मक्का में नमी के भाव तय नहीं कर रहा है। गीली मक्का की



बोली 900 रुपये से शुरू हो रही है। किसानों की मांग थी कि 12 से 13 प्रतिशत नमी वाली मक्का के लिए 2000 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिलना चाहिए। डिप्टी कलेक्टर पीएस अगस्या की समझाइश के बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। लगभग आधे घंटे चले इस प्रदर्शन के कारण हाईवे के दोनों ओर यातायात बाधित हुआ।

# सीएम ने नर्मदा में छोड़े 6 मगरमच्छ मोहन बोले- सेंचुरी घोषित कर रहे हैं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● नर्मदानगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े। इनमें चार फिमेल मादा और दो नर हैं। साकल घाट पर पिंजरे से निकलने के एक घंटे तक मगरमच्छ पानी में नहीं उतरे। खुद मुख्यमंत्री और वनकर्मी मशक्कत करते रहे। आखिर में उन्हें लाठी से आगे बढ़ाया गया और पानी में छोड़ा गया। इस पर सीएम ने कहा- जहां मगरमच्छ छोड़े, वहां सेंचुरी घोषित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर ओंकारेश्वर अभयारण्य की घोषणा करने की बात कही है। पास ही खड़े मंत्री विजय शाह की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि इनके जन्मदिन के दिन सेंचुरी की घोषणा करेंगे। 1 नवंबर को मंत्री विजय शाह का जन्मदिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुण्य सलिला मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को मां नर्मदा में बसाने के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है। बता दें, मछुआरा संगठनों ने इस फैसले का विरोध किया है और इसे आजीविका के लिए बड़ा खतरा बताया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा



ने बताया कि नर्मदा में छोड़े गए 6 मगरमच्छ भोपाल से नर्मदानगर लाए गए थे। यह सभी मगरमच्छ अन्य नदी और तालाब से रेस्क्यू किए गए हैं, जिन्हें इंदिरा सागर डैम के बैक वाटर में छोड़ा गया है।

# बुरहानपुर में बस ड्राइवर को 1 साल की सजा, लापरवाही से टक्कर मारने पर युवक की हुई थी मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● लापरवाही से बस चलाने के कारण हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में बस चालक को एक साल के सश्रम कारावास और 1000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि वर्मा ने सुनाया है। आरोपी बस चालक सुनील पाटिल ने दरियापुर से सुखपुरी फाटे के पास बाइक सवार आशीष जोशी को सामने से टक्कर मार दी थी, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### सामने से मारी थी टक्कर, चालक हो गया था फरार

यह घटना दरियापुर से सुखपुरी फाटे के पास हुई थी। फरियादी राजू उर्फ राजीव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके दोस्त ओमप्रकाश के साथ आते समय उन्होंने अपने परिचित आशीष जोशी को मोटरसाइकिल से जाते देखा। जैनाबाद फाटे के पास एक बस (क्रमांक के.ए 19.बी 8819) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आशीष की मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया था।

### इलाज के दौरान अस्पताल में हुई थी मौत

टक्कर के कारण आशीष अपनी मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं और शरीर के विभिन्न हिस्सों से खून बहने लगा। राजू ने एम्बुलेंस 108 की मदद से आशीष को अस्पताल पहुंचाया। आशीष की गंभीर चोटों के कारण बुरहानपुर के ऑल इज वेल अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

### धारा 304ए के तहत दर्ज हुआ था केस

फरियादी की शिकायत के आधार पर, शिकारपुरा थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई और मामले की विवेचना शुरू की गई।

### कोर्ट ने दोषी करार दिया

मामले की सुनवाई के बाद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि वर्मा ने अभियुक्त सुनील पिता मंशाराम पाटिल (निवासी पीपलगांव) को दोषी पाया। न्यायालय ने सुनील पाटिल को धारा 304 ए भादंवि के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# आंगनवाड़ी बनेंगे पढ़ाई केंद्र कार्यकर्ताओं का डिजिटल प्रशिक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● बुरहानपुर जिले की आंगनवाड़ी अब सिर्फ पोषण और देखभाल केंद्र नहीं रहेंगी। इन्हें पढ़ाई केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के मीटिंग हॉल में यह प्रशिक्षण सत्र हुआ। पूरा कार्यक्रम आंगनवाड़ी सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना अंतर्गत आयोजित किया गया।कार्यकर्ताओं को बताया गया कि अब उनके फोन पर वॉट्सऐप के माध्यम से गतिविधि आधारित वीडियो भेजे जाएंगे। इन्हीं वीडियो के आधार पर केंद्रों पर बच्चों को सिखाया जाएगा। रॉकेट लर्निंग संस्था ने कार्य पुस्तिका के जरिए मॉडल समझाया। इसी के जरिए आंगनवाड़ी केंद्रों को पढ़ाई केंद्र



बनाने की जानकारी भी दी गई।

रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी ने बताया कि मिशन नींव कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसका लक्ष्य है तीन से छह साल के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देना। ताकि नींव मजबूत हो और भविष्य बेहतर। आंगनवाड़ी केंद्रों के वॉट्सऐप ग्रुप बनाए गए हैं, जिन पर लगातार डिजिटल अध्ययन सामग्री भेजी जाएगी। कार्यकर्ता इन वीडियोज के आधार पर बच्चों के साथ गतिविधियां आयोजित कर सकेंगी।

# हरदा में कलेक्टर से गुस्साए दो विधायक बंद गेट के ऊपर चढ़कर नीचे कूदे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मध्यप्रदेश में कांग्रेस किसानों के मुद्दों पर लगातार प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश के हरदा में भी बुधवार को कांग्रेसियों ने किसानों की मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर किए जा रहे इस प्रदर्शन में हरदा विधायक आरके दोगने और टिमरनी के विधायक अभिजीत शाह भी शामिल हुए। कांग्रेसियों के प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट के गेट को बंद कर दिया गया तो सभी प्रदर्शनकारी वहीं धरना देकर बैठ गए और कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के बाहर आने का इंतजार करने लगे। करीब 2 घंटों तक जब वह बाहर नहीं आए तो हरदा और टिमरनी के विधायक बंद गेट के ऊपर चढ़कर नीचे कूद कर अंदर चले गए। विधायकों के यूं अंदर आने से हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत उनकी ओर भागे। एसपी ने मौके पर आकर विश्वास दिलाया कि कलेक्टर उनसे बात करेंगे, तब दोनों विधायक बाहर निकले। प्रदर्शनकारी अभी भी कलेक्ट्रेट के बाहर ही बैठे हैं और भजन गा रहे हैं।

कांग्रेस के दोनों विधायक हरदा के आरके दोगने और टिमरनी के अभिजीत शाह किसानों व अन्य कांग्रेसियों के साथ अभी कलेक्टर कार्यालय कैंपस के अंदर बैठे हुए हैं। इस बीच,रुद्र पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि कलेक्टर अभी 1८ में हैं। अपर कलेक्टर ने आकर पांच लोगों से बातचीत करने की बात कही लेकिन विधायक नहीं माने। उनका कहना कि इतनी देर इंतजार किया तो कलेक्टर को ही ज्ञापन देकर जाएंगे। हरदा जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों का यह प्रदर्शन आयोजित किया है। कलेक्टर के ज्ञापन लेने आने का इंतजार कर रहे किसान और विधायक भजन गा रहे हैं।

# भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी

**मेलबर्न (एजेंसी)** ● सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में होने वाले दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले टी20 में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और कप्तान सूर्यकुमार यादव व उपकप्तान शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की थी हालांकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 19 रन ही बना पाये थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को अभिषेक से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अभिषेक और सूर्यकुमार के अलावा तिलक वर्मा पर भी निर्भर रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।






दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को बल्लेबाजी में कप्तान मिचेल मार्श और टिम डेविड से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी जोश हेजलवुड पर आधारित रहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

दोनो के बीच अब तक 33 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 20 मुकाबले जबकि 11 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। वहीं 2 मैचों का परिणाम नहीं निकला।

## रोहित ने बदली टी-20 क्रिकेट की दिशा : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● साल 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने राहुल द्रविड़ की कोचिंग में खिताब अपने नाम किया था। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच ने उस एक क्रिकेटर का नाम बताया है, जो टी-20 क्रिकेट में क्रांति लेकर आया है। राहुल द्रविड़ ने विराट नहीं, बल्कि रोहित शर्मा का नाम लिया।



रोहित शर्मा अकसर आक्रामक बैटिंग करते हैं। यही कारण है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब पर कब्जा किया। द्रविड़ ने आगे कहा, मैं ये नहीं कह सकता कि मुझसे पहले क्या हुआ। लेकिन हां जब मैं टीम इंडिया का कोच बना तो मेरे और रोहित के बीच काफी ज्यादा बातचीत हुई। इस दौरान हमने यही प्लानिंग की कि हम कैसे टी-20 क्रिकेट को और आक्रामक बना सकते हैं। द्रविड़ ने आगे कहा कि मैंने और रोहित ने शुरुआत से ही बात करनी शुरू कर दी थी, क्योंकि गेम पूरी तरह बदल रहा था। रोहित को इसके लिए खूब सारा क्रेडिट मिलना चाहिए क्योंकि वो टीम को एक अलग दिशा में लेकर गए। उन्होंने काफी आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेला, जो काफी पॉजिटिव था। द्रविड़ ने कहा कि भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बल्लेबाजी का नया तरीका तय कर दिया है। अब पूरी दुनिया उसकी नकल करने की कोशिश कर रही है। भारत की टी20 बल्लेबाजी इस समय बहुत ऊंचे स्तर पर है। स्कोर 300 के करीब पहुंच रहा है। दुनिया के बाकी देश अब पीछे चल रहे हैं और भारत को पकडने् की कोशिश कर रहे हैं। तीन-चार साल में सब देख रहे हैं कि भारत कितना आगे है। वे कहते हैं, 'अरे यार, हमें भी ऐसा करना होगा।'

## सबसे पहले नंबर एक पर पहुंचने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे हैं सचिन

**मुंबई (एजेंसी)** ● भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसी के साथ ही रोहित आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने वाले पांचवें भारती खिलाड़ी बने हैं। सबसे पहले नंबर एक पर पहुंचने वाले सचिन तेंदुलकर पहले भारतीय बल्लेबाज थे। इसके बाद महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली व शुभमन गिल नंबर एक पर पहुंचे सचिन तेंदुलकर सचिन तेंदुलकर दुनिया के नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बनने वाले पहले भारतीय थे। अपने 24 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान, तेंदुलकर कई बार दुनिया के नंबर 1 एकदिवसीय बल्लेबाज बने और उनके हाईएस्ट रेटिंग अंक 881 रही।

**महेन्द्र सिंह धोनी** – महेन्द्र सिंह धोनी भी नंबर एक पर पहुंचने वाले दूसरे भारतीय रहे हैं जो सबसे हैरानी की बात भी रही है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में अधिक समय निचले क्रम में ही बल्लेबाजी की है। हालांकि मगर करियर की शुरुआत में उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने का भी अवसर मौका मिला था तभी उन्होंने नंबर-1 स्थान हासिल किया था। धोनी की रेटिंग 826 अंकों की रही थी।

**विराट कोहली**– विराट कोहली नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बनने वाले तीसरे भारतीय रहे हैं। कोहली अपने करियर के दौरान एकदिवसीय के अलावा टेस्ट और टी20 में भी नंबर-1 रैंकिंग पर पहुंचे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं। कोहली आईसीसी टेस्ट, वनडे और टी20ढ्ढ बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में 900 से ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने वाले दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं।

## सिने जगत

# बिग बॉस 19 : सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स बनी फरहाना

**मुंबई (एजेंसी)** ● शो 'बिग बॉस 19' के नौवें हफ्ते तक पहुंचते-पहुंचते फरहाना भट्ट शो की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स में से एक बन चुकी हैं। शो में शुरुआत में फरहाना की दोस्ती नेहल से काफी चर्चा में रही थी, लेकिन दोनों के बीच अब मतभेद हो चुके हैं। फरहाना भट्ट अपने दमदार गेम और स्पष्ट रवैये से अभिषेक बजाज और गौरव खन्ना जैसे पॉपुलर कंटेस्टेंट्स को कड़ी टक्कर दे रही हैं। इस समय वह तान्या मित्तल के करीब नजर आ रही हैं, जो खुद भी फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं। कश्मीर की रहने वाली फरहाना ने अपने जोश टॉक में बताया था कि उन्होंने बहुत कम उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रखा था। 10वीं क्लास में ही उन्होंने मॉडलिंग और लोकल ऑडिशन देना शुरू कर दिया था। उनकी मेहनत रंग लाई जब उन्हें इम्तियाज अली की फिल्म 'लैला मजनू' में जसमीत का किरदार मिला। इस फिल्म से उन्हें इंडस्ट्री में पहचान मिली और आगे का रास्ता खुल गया। दिलचस्प बात यह है कि फरहाना ने अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म 'सिंघम अगेन' में भी काम किया है। हालांकि उनका रोल बहुत छोटा था, लेकिन यादगार रहा। फिल्म की शुरुआती झलकियों में एक सीन दिखाया गया था, जिसमें अजय देवगन कश्मीर में विलेन जैकी श्रॉफ को पकड़ने पहुंचते हैं। उसी सीन में स्क्रीन पर एक जर्नलिस्ट नजर आती हैं वह जर्नलिस्ट कोई और नहीं बल्कि फरहाना भट्ट थीं। इस सीन में उन्होंने अजय देवगन से उनके कश्मीर मिशन पर सवाल पूछे थे।





# लीसा ने लेडी गागा को बताया प्रेरणा स्त्रोत

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री लीसा मिश्रा ने लेडी गागा को अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया है। लीसा मिश्रा खुद को एक बहुआयामी कलाकार के रूप में स्थापित कर रही हैं। संगीत और अभिनय के बीच संतुलन साधते हुए लीसा ने लाइव परफॉर्मेंस और पॉडकास्टिंग में भी कदम रखा है, जिससे उन्होंने एक अनोखी रचनात्मक पहचान बनाई है, जो पारंपरिक सीमाओं से परे जाती है। लीसा मानती हैं कि लेडी गागा ने उनकी यात्रा पर गहरा प्रभाव डाला है। लीसा ने कहा कि मैं हमेशा लेडी गागा जैसी कलाकारों से बेहद प्रेरित रही हूं, जो अपनी रचनात्मकता को केवल संगीत तक सीमित नहीं रखतीं। वह अपने सफर में परफॉर्मेंस, अभिनय और कहानी कहने को खूबसूरती से जोड़ती हैं और यही मुझे भी अपने हर रूप को अपनाने की प्रेरणा देता है। चाहे वह गायन हो, अभिनय, लाइव परफॉर्मेंस या फिर अपने पॉडकास्ट के ज़रिए दर्शकों से जुडऩा। अपनी विशिष्ट आवाज़ के ज़रिए चार्टबस्टर गानों में पहचान बनाने वाली लीसा मिश्रा ने धीरे-धीरे अभिनय की दुनिया में भी कदम रखा है और हाल ही में ओटीटी स्पेस में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

## उज्जैन संभाग

## पूर्व मंत्री पारस जैन बोले- अब कोई चुनाव नहीं लडूंगा, कार्यकर्ताओं को साथ रखने बीजेपी हाईकमान को दी नसीहत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उत्तर विधानसभा से 6 बार के विधायक और पूर्व मंत्री रहे पारस जैन ने अब कोई चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा- अब न चुनाव लड़ने लायक समय बचा है, न वैसे लोग। साथ ही पार्टी नेतृत्व को नसीहत दी कि वरिष्ठ और जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना चाहिए। वरिष्ठ नेता जैन साल 1990 से 2018 तक 6 बार बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़कर विधायक और कई विभागों के मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने दैनिक भास्कर से हुई बातचीत में कहा कि ये पक्का है की अब मैं कोई चुनाव नहीं लडूंगा।



उज्जैन उत्तर विधानसभा सीट से 1990, 1993 और फिर 2003 से लगातार 2013 तक जीत दर्ज कर चुके पारस जैन ने प्रदेश सरकार में वन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण जैसे विभागों में मंत्री के रूप में कार्य किया। 2013 में वे स्कूल शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री बने और 2016 के फेरबदल में उन्हें ऊर्जा मंत्रालय का दायित्व मिला। 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काटकर अनिल जैन कालूहेड़ा को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। जिसके बाद से वे किसी बड़े संगठनात्मक कार्यक्रम में नजर नहीं आए। अब उन्होंने राजनीति से दूरी बनाते हुए साफ कहा है कि वे भविष्य में कभी भी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

# हेलमेट के लिए जागरूक करने निकले यमराज और चित्रगुप्त सड़कों पर गाड़ी रोककर समझाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन में दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता समझाने के लिए सड़क पर यमराज और चित्रगुप्त ने कई गाड़ियों को रोककर वाहन चालक को हेलमेट के फायदे बताए। इस दौरान जो वाहन चालक हेलमेट पहने हुए थे उन्हें यातायात पुलिस ने गिफ्ट भी दिया। उज्जैन में यातायात पुलिस ने गुरुवार को हेलमेट पहनने को लेकर अनोखा अभियान चलाया। सबसे पहले भरतपुरी चौराहे पर पुलिस के साथ खड़े यमराज और चित्रगुप्त ने बिन हेलमेट पहने लोगों की गाड़ियां पकड़कर उनके जीवन में हेलमेट की महत्ता समझाई। इस दौरान चौराहे पर खड़े लोगों को हेलमेट पहनने से फायदे और नियमों की जानकारी भी दी गई।



### 80% मौतें सिर में चोट लगने से

डीएसपी ट्रैफिक दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि एमपी में 7 हजार से अधिक लोगों की मौत एक्सीडेंट के कारण हुई है। इसमें 80 प्रतिशत लोगों की मौत सिर में चोंट लगने के कारण हुई है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन है की पहले जागरूक किया जाए फिर चालानी कार्रवाई की जाए। ट्रैफिक पुलिस का ये अभियान 5 नवम्बर तक चलेगा। जिसमें हेलमेट के लिए जनजागरण अभियान चलेगा। आज यमराज और चित्रगुप्त ने लोगों को समझाईश दी है। जो लोग हेलमेट लगाकर ड्राइव कर रहे थे उनको एक बैग गिफ्ट कर उनका सम्मान भी किया गया है। आज शहर के प्रमुख चौराहों तीन बत्ती, टॉवर चौक, रेलवे स्टेशन, चामुंडा माता मंदिर सहित अन्य बड़े भीड़ भाड़ वाले इलाकों में अभियान चलाया गया है।

## हस्तशिल्प मेले में 270 दुकानें, लॉटरी से होगा चयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● कालिदास अकादमी में 13 से 24 नवंबर तक होने वाले हस्तशिल्प मेले में करीब 270 दुकानों के लिए स्थान रहेगा। इनमें से 30 दुकानें फूड जोन की और बाकी शिल्पियों की रहेंगी। इनके एवज में दुकान प्राप्त करने के लिए जिला पंचायत के पास देशभर से ऑनलाइन कुल 1234 आवेदन आए हैं। इनमें से 1151 शिल्पी व्यापारियों के और 83 फूड जोन वालों के हैं। उपलब्ध दुकानों के एवज में चार गुना से अधिक आवेदन आने पर अब लॉटरी सिस्टम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इसमें से करीब 268 ऐसे व्यापारियों के आवेदन मिले हैं, जिन्होंने दो या उससे अधिक आवेदन किए हैं। इन व अपंजीकृत व्यापारियों के आवेदन को लॉटरी प्रक्रिया से पहले ही हटा दिया जाएगा। उम्मीद की जा रही हैं क दो दिन बाद लॉटरी निकाली जाने लगेगी। मेले की व्यवस्था देख रहे जिला पंचायत के अधिकारी अजय भालसे ने बताया कि लॉटरी में जिनके नाम खुलेगी, उन्हें दुकान आवंटन की जानकारी भेजी जाएगी, ताकि वे किराया जमा करवाकर दुकान लगाने की तैयारी कर सके।

## रिश्वतखोर पटवारी को चार साल की सजा जमीन सीमांकन के मामले में रिश्वत मांगी थी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन लोकायुक्त ने तीन साल पहले 7,000 रुपए की रिश्वत मांगने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की थी। लोकायुक्त टीम ने पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा था। भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायालय, उज्जैन ने बुधवार को आरोपी पटवारी जितेन्द्र सिंह राणावत, तत्कालीन पटवारी, ग्राम बेरछा, तहसील नागदा, जिला उज्जैन को चार साल सश्रम कारावास और 15,000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। लोकायुक्त निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव को बेरछा निवासी विश्वप्रताप सिंह पंवार ने 18 जून को शिकायत की थी। विश्वप्रताप सिंह ने माता ललिता कुंवर के नाम से दो अलग-अलग कृषि भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन किया था। इसके एवज में पटवारी जितेन्द्र राणावत ने उनसे 10,000 रुपए की मांग की, जिसमें से तीन हजार रुपए पहले ही ले चुका था। सीमांकन के बाद भी पटवारी ने रिपोर्ट तहसील कार्यालय में पेश नहीं की।

नाराज पंवार ने लोकायुक्त को शिकायत की, जिसके बाद निरीक्षक श्रीवास्तव को मामले की जांच सौंपी गई। 20 जून को लोकायुक्त की टीम ने नागदा पहुंचकर वाइस रिकॉर्डिंग की। इसके बाद 7 जुलाई 2022 को जितेन्द्र सिंह राणावत को 7,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।



### जेल भेजा गया आरोपी

विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, उज्जैन ने पटवारी को दोषसिद्ध कर चार वर्ष सश्रम कारावास और 15,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इसके बाद आरोपी को भैरूगढ़ जेल भेज दिया गया। लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार पाठक (डी.पी.ओ.) ने प्रकरण में अभियोजन का संचालन किया। आरक्षक संजीव कुमारिया ने अभियोजन संचालन में सहयोग दिया।

## प्याज-आलू और लहसुन की रिकॉर्ड आवक से मंडी बंद, रखने के लिए जगह नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन आगर रोड स्थित कृषि मंडी में संचालित होने वाली मंडी में प्याज लहसुन और आलू की अधिक आवक से मंडी गुरुवार को बंद करनी पड़ी। मंडी के सभी शेड प्याज लहसुन और आलू से भरा गए जिसके बाद रखने लिए जगह नहीं बची। इधर लोडिंग वाहन नहीं मिलने से माल मंडी में रखा रह गया। जिसके कारण मंडी को एक दिन के लिए बंद करना पड़ा।उज्जैन की मंडी में बुधवार को एक ही दिन में 35 हजार कट्टे प्याज, आलू के 25 हजार कट्टे और लहसुन के 10 हजार से अधिक कट्टे माल पहुंच गया। अधिक आवक होने से उज्जैन की मंडी में प्याज 4 रुपए से 10 रुपए किलो बिका। इधर लहसुन भी 3 से 6 हजार रुपए क्विंटल बिकी, इसी तरह आलू भी 12 से 14 रुपए किलो बिका। आवक बड़ी मात्रा में हुई जिससे लोडिंग वाहन कम पड़ गए। मंडी के शेड में इतना माल आ गया की रखने के लिए जगह नहीं बची जिसके कारण गुरुवार को मंडी बंद करनी पड़ी। व्यापारी जय राजवानी ने बताया कि बारिश के चलते माल को खुले में भी नहीं रख सकते। लगातार माल की आवक बनी हुई है।

## बेमौसम बारिश से किसान बेहाल, उज्जैन मंडी में प्याज की बाढ़; खराब होने के डर से भाव गिरे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● मौसम बिगड़ते ही किसानों ने बड़ी मात्रा में प्याज बेचना शुरू कर दिया, जिससे उज्जैन मंडी में बुधवार को करीब 35,000 कट्टे प्याज की आवक हुई। पुराना प्याज न बिक पाने और नए की अधिक आपूर्ति से मंडी ओवरफ्लो हो गई। भारी आवक के बीच लोडिंग के लिए ट्रक नहीं मिले, जिससे प्याज का उठाव रुक गया। इस वजह से मंडी प्रशासन ने घोषणा की कि गुरुवार को प्याज की मंडी बंद रहेगी। इंदौर, शाजापुर और बदनावर से भी प्याज आने के कारण मंडी के गेट तक बंद करने पड़े। अधिक आवक से प्याज के दाम 2 रुपए किलो गिरकर 1275 से घटकर 1075 रुपए प्रति क्विंटल रह गए। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से आधी फसल खराब हो चुकी है, इसलिए प्याज खराब होने के डर से उन्हें सस्ते में बेचना पड़ रहा है।

सिरसौद गांव में बुधवार सुबह कैलाश मीणा (55) ने अपनी फसल बर्बाद होने से दुखी होकर खेत में ही फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया। कैलाश के पास 8 बीघा जमीन थी। उसने पहली बार धान की खेती की थी। लगातार बेमौसम बारिश से फसल नष्ट हो गई। उसने खेत में बोरिंग कराने के लिए पांच लाख रुपए का कर्ज लिया था, जिसे फसल से चुकाने की उम्मीद थी। नुकसान के बाद वह मानसिक रूप से टूट गया। शव गांव ले जाते समय किसानों ने जेनी गांव में एंबुलेंस रोककर प्रदर्शन किया। उन्होंने परिवार को 50 लाख मुआवजा, कर्ज और बिजली बिल माफी की मांग की। 2023 में 10,700 से ज्यादा किसानों ने की आत्महत्या



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में 10,786 किसानों और कृषि मजदूरों ने आत्महत्या की, जो देश में कुल आत्महत्याओं का 6.3% है। इनमें से 4,690 किसान और 6,096 कृषि मजदूर शामिल हैं। इनमें से महाराष्ट्र का हिस्सा 38.5% (लगभग 4,150 मौतें), कर्नाटक का 22.5%, और मप्र का 7.2% रहा। रिपोर्ट बताती है कि 66% आत्महत्या करने वालों की सालाना आय 1 लाख रुपये से कम थी। खेती में बढ़ते आर्थिक संकट, मौसम की मार और कर्ज का दबाव इन मौतों के प्रमुख कारण बताए गए हैं। 6बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किसान आत्महत्या के कोई मामले दर्ज नहीं हुए।

# जल्द बढ़ेगा प्रदेश के माननीयों का वेतन सरकार ने इसके लिए बनाई कमेटी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी जल्द ही की जाएगी। विधानसभा में उठाई गई इस मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। एमपी के मुख्यमंत्री के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कमेटी गठन करने का फैसला किया है। इसका मीटिंग में वित्त विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय बिश्नोई के साथ कांग्रेस विधायक सचिन यादव को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग जारी किया है। अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश संसदीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति की आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को भी बैठक में शामिल किया जाएगा। एमपी के विधायक और पूर्व विधायक को का वेतन बढ़ाने के लिए विधानसभा में चर्चा हुई थी विधायकों की मांग थी कि 45 फीसदी वेतन में बढ़ोतरी की जाए। इस पर सरकार ने कमेटी बनाकर निर्णय लेने का विचार किया है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष 2026 के जनवरी महीने में रिपोर्ट भी शासन को भेज दी जाएगी। विधायकों का कितने प्रतिशत वेतन बढ़ाया जा सकता है। उनके महत्व में कितनी बढ़ोतरी होगी। इसके विषय में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी फैसला करेगी। हालांकि वेतन बढ़ाई जाने को लेकर कांग्रेस बीजेपी दोनों के विधायकों ने ही सरकार से मांग की थी कि उनके वेतन को रिवाइज किया जाए। कई राज्यों के वेतन मध्य प्रदेश से ज्यादा है। इसलिए विधायकों की सहूलियत को ध्यान में देते हुए सैलरी में बढ़ोतरी की जाए।



**अभी विधायकों को इतना एमपी में मिलता है वेतन**-मध्य प्रदेश में विधायकों को वर्तमान में वेतन भत्तों को मिलाकर करीब 1 लाख 10 हजार रुपए हर महीने मिलते हैं। आगामी प्रस्ताव के मुताबिक अगर सरकार वेतन बढ़ती है तो 1 लाख 60 हजार रुपए प्रति महीना दिया जा सकता है। जिसमें चिकित्सा भत्ता अर्दली और निजी सचिव का भत्ता भी शामिल रहता है। अभी मध्य प्रदेश में 230 विधायकों में 31 मंत्रियों का वेतन सामान्य प्रशासन विभाग देता है मुख्यमंत्री को 2 लाख कैबिनेट मंत्री, कैबिनेट मंत्री एक लाख 70 हजार और राज्य मंत्री को 145000 मिलते हैं।

### इन राज्यों में एमपी से भी कम

मेघालय-20 हजार
नागालैंड-1 लाख
पंजाब-94 हजार
ओडिशा-65,170
केरल-70 हजार
छत्तीसगढ़-80 हजार

इन राज्यों में एमपी से ज्यादा वेतन

बिहार-1.24 लाख रुपए
गुजरात-1.10 लाख रुपए
हरियाणा-1.95 लाख रुपए
हिमाचल-2.10 लाख रुपए
महाराष्ट्र-2.32 लाख रुपए
राजस्थान-1.12 लाख रुपए
अरुणाचल-1.20 लाख रुपए
असम-1.20 लाख रुपए
झारखंड-1.38 लाख रुपए

# नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर राज्यपाल, सीएम एवं अध्यक्ष को लिखा पत्र

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • विधानसभा के शीतकालीन सत्र के संक्षिप्?त अवधि का विरोध करते हुए एमपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की हैं।



मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर 16वीं विधानसभा के सप्तम सत्र (दिसंबर 2025) की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सत्र की अधिसूचना के अनुसार 1 दिसंबर से 5 दिसंबर 2025 तक केवल चार बैठकें प्रस्तावित की गई हैं, जो प्रदेश के ज्वलंत और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा के लिए अपर्याप्त हैं। उमंग सिंघार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश के सामने कई महत्वपूर्ण विषय हैं, लेकिन सीमित अवधि में इन विषयों पर व्यापक बहस संभव नहीं होगी। उन्होंने पत्र में आग्रह किया है कि लोकतांत्रिक परंपरा को ध्यान में रखते हुए सत्र की अवधि बढ़ाई जाए ताकि विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को जनता के हित से संबंधित प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा का अवसर मिल सके। नेता प्रतिपक्ष ने इसको लेकर कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, और जनता की आवाज को वहाँ पूरी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। सत्र का विस्तार इसी भावना को सशक्त करेगा।

# कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की पार्षदी होगी खत्म, 5 साल चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के आरोपी कांग्रेस के वार्ड 58 के पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत की पार्षदी के गिनती के दिन ही बचे हैं। इस मामले में 9 अक्टूबर को नगर निगम परिषद ने दो तिहाई बहुमत से उसे पद से हटाने का प्रस्ताव पास कर दिया था। अब यह प्रस्ताव एक-दो दिन में राज्य निर्वाचन आयोग, शासन को भेजा जा रहा है। वहीं इस मामले में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े भी आदेश करने जा रहे हैं। इसके साथ ही कादरी पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए भी अपात्र रहेगा, यानी अगला चुनाव भी नहीं लड़ सकेगा।

**परिषद के प्रस्ताव के बाद यह हो रहा है**-9 अक्टूबर को नगर निगम परिषद के एजेंडे में कादरी को कदाचार के कारण हटाने का प्रस्ताव पास हुआ था। यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश नगर पालिक एक्ट की धारा 19(1) और 1(अ) के तहत जारी किया गया था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कादरी के कृत्य के चलते यह प्रस्ताव बहुमत से पास हुआ। साथ ही, कादरी को हटाने के प्रस्ताव को सभापति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। इसके बाद निगमायुक्त के हस्ताक्षर से इसे शासन स्तर पर भेजा जाएगा। वार्ड 58 का पार्षद पद रिक्त हो जाएगा। संभागायुक्त के पास भी मैंने चिट्ठी भेजी थी, उनके स्तर पर भी कार्रवाई की जा रही है।



### संभागायुक्त ने अवसर किए खत्म, जल्द आदेश

इस मामले में संभागायुक्त को भी नगर पालिक एक्ट के तहत प्रावधान है कि वह पार्षद को हटा सकती है। जून में महापौर ने इस संबंध में संभागायुक्त को विस्तृत पत्र लिखा था। इसके बाद तत्कालीन संभागायुक्त दीपक सिंह ने नोटिस जारी कर कादरी से जवाब मांगा। बाद में उनके ट्रांसफर के बाद संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने भी नोटिस देकर जवाब मांगा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। तीन-चार बार अवसर देने के बाद भी जवाब नहीं आने पर अब उसके जवाब के अवसर खत्म कर दिए गए हैं। अब किसी भी दिन संभागायुक्त के जरिए पार्षद पद जीरो करने और आगे चुनाव से लड़ने पर रोक के आदेश जारी हो जाएंगे।

**सीएम बोले थे पकड़ो उसे, फिर हुआ था सरेंडर**-सीएम मोहन यादव ने इंदौर दौरे के दौरान 19 जून को कहा था कि डकैत हो या उसका बाप, छोड़ेंगे नहीं। अधिकारियों का कहा है जहां भी जैसे हो पकड़ो। बाद में पुलिस ने फरार कादरी पर 10 हजार का ईनाम घोषित किया और कलेक्टर ने रासुका भी लगाई है। बाद में फरारी के चलते ईनाम 40 हजार तक कर दिया गया। उधर कादरी नेपाल तक फरारी काटने के बाद 29 अगस्त को सरेंडर हो गया था, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया।

**नियम के तहत पार्षदी खत्म करने का अधिकार**-महापौर के जरिए संभागायुक्त को जो पत्र लिखा गया था उसमें कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को देशद्रोही और आपराधिक प्रवृत्ति का बताया गया। पार्षदी से हटाए जाने के मामले में नगर निगम एक्ट 1956 की धारा 19 के तहत संभागायुक्त को सीधे अधिकार है।

# जरूरतमंदों की बजाय अपने चेहतों, समर्थकों और चुनाव संचालक को बांटी स्वेच्छानुदान राशि

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मध्यप्रदेश शासन गरीब व जरूरतमंदों की मदद के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि देती है। यह राशि जनप्रतिनिधियों विधायकों के जरिए दी जाती है। वहीं, जरूरतमंद की जगह इस राशि का उपयोग जब विधायक अपने समर्थकों और चुनाव संचालकों को ही उपकृत करने लगें, तो क्या कहेंगे। ऐसा ही किया है इंदौर जिले में महू की विधायक और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने। ठाकुर ने दो संस्थाओं को 10 लाख की राशि दी है। इसमें एक संस्था उनकी विधानसभा महू की है, जबकि दूसरी इंदौर विधानसभा एक की है, जहां उनका मूल निवास है। यह विधानसभा एक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की है।

**इन्हें दी गई राशि, एक चुनाव संचालक**-सीएम ने जनवरी में सीएम स्वेच्छानुदान के तहत विधायकों को 10-10 लाख रुपए दिए थे। इससे वह अपनी विधानसभा में जरूरतमंद, गरीब और सामाजिक संस्थाओं की मदद कर सकें।



विधायक ठाकुर ने इसमें से पांच लाख रुपए अपने क्षेत्र के बाहर इंदौर विधानसभा एक में स्थित संस्था निराला शिक्षा समिति बाणगंगा को दी। साथ ही, पांच लाख महू विधानसभा के मानपुर की निजी संस्था यूनिक एजुकेशन सोसायटी को दे दी। यूनिक एजुकेशन सोसायटी के संचालक बीजेपी नेता सुभाष महोदय हैं। इन्होंने बीते चुनाव में ठाकुर का चुनाव संचालन किया था।

### महू में ही कई सरकारी जर्जर स्कूल

महू विधानसभा में ही कई सरकारी जर्जर स्कूल हैं। एक साल पहले 37 भवनों को जर्जर होने के कारण तोड़ा गया था। वहीं 90 स्कूल और जर्जर हैं। इन्हें राशि की काफी जरूरत है, जो विधायक यहां दे सकती थीं, लेकिन इसकी जगह निजी संस्थाओं को चुना गया।

### क्या बोल रही विधायक ठाकुर

विधायक ठाकुरका कहना है कि स्वेच्छानुदान विधायक के विवेक पर निर्भर है। कोर कमेटी के निर्णय पर समाजसेवी संस्थाओं को ही राशि दी गई है। मानपुर संस्था संचालक बीजेपी से जुड़े हैं लेकिन वह अच्छा काम कर रहे हैं। उधर, सुभाष महोदय ने माना कि पांच लाख रुपए मिले हैं। इससे स्कूल में निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# एक साल और इंतजार करना पड़ सकता है मेट्रों के लिए

## स्टेशन बनना शेष, फिलहाल 10 जगह स्टेशनों का चल रहा है काम

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मेट्रो का संचालन के लिए अभी एक साल और इंतजार करना पड़ेगा। अभी 17 किलोमीटर हिस्से में कार्य किया जाना है। उसके बाद शहर में फर्राटे से मेट्रो दौड़ेगी। इंदौर मेट्रो शहर के विकास में एक अहम भूमिका निभाएगी। यह लोगों के जीवन को और बेहतर बनाएगी। मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि अगले साल मालवीयनगर चौराहे तक नियमित संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रूट पर मेट्रो चलने से यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी। विजयनगर, सुखलिया और आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी और छात्र सुपर कारिडोर स्थित आईटी कंपनियों और कालेजों की ओर आते- जाते हैं। ऐसे में यह रूट शहर की



परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा। शहर में कुल 28 स्टेशनों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल पांच स्टेशनों पर ट्रेन दौड़ रही है। शहर के मध्य हिस्से के ट्रैफिक को कम करने में मददगार साबित होगी । इंदौर मेट्रो एयरपोर्ट, दो बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को कवर करेगी। शहर के मध्य हिस्से के ट्रैफिक को कम करने में मददगार साबित होगी। हर 30 मिनट अंतर से मेट्रो ट्रेन चलेगी। शहर में कुल 28 स्टेशनों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल दस जगह स्टेशनों का काम चल रहा है। अफसरों की प्राथमिकता स्टेशन, सुखलिया ग्राम स्टेशन, और मालवीयनगर चौराहा स्टेशन बनाने की है। तीन माह तक इन स्टेशनों का काम समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि अगले साल 2026 दिसंबर तक मेट्रो का संचालन 17 किलोमीटर हिस्से में किया जा सके। इंदौर मेट्रो एयरपोर्ट, दो बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को कवर करेगी। शहर के मध्य हिस्से के ट्रैफिक को कम करने में मददगार साबित होगी। हर 30 मिनट के अंतर से मेट्रो ट्रेन चलेगी। शहर में कुल 28 स्टेशनों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल दस जगह स्टेशनों का काम चल रहा है। मेट्रो ट्रेन का संचालन फिलहाल छह किलोमीटर हिस्से में हो रहा है। यहां मेट्रो का किराया अधिकतम 30 रुपये है। 20 से ज्यादा मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। एक ट्रेन में साढ़े चार सौ यात्री संवार हो सकेंगे। बैठने के अलावा खड़े रहकर सफर करने में भी आसानी होगी।

# डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों में कचरा देने और न देने वालों को होगी इंट्री

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • आयुक्त नगर निगम दिलीप कुमार यादव गुरुवार को प्रात: शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया । इस दौरान आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति का भी मौके पर जाकर अवलोकन किया तथा स्वयं शिकायतकर्ताओं के घर पहुंच कर उनसे फीडबैक लिया।

आयुक्त यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन में कचरा देने वाले सभी घरों की एंट्री निगम के स्वच्छ भारत मिशन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए रजिस्टर में की जाए । यह कार्य एनजीओ के प्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रजिस्टर में कचरा देने वाले एवं नहीं देने वाले दोनों प्रकार के घरों की एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।



आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित रजिस्टर की प्रति प्रतिदिन आई. ट्रिपल सी (आईसीसीसी) कार्यालय में भेजी जाए, जहां से यह मॉनिटर किया जाएगा कि कौन से नागरिक निगम के वाहन में कचरा नहीं दे रहे हैं। ऐसे नागरिकों को कॉल कर कारण पूछा जाएगा कि वे वाहन को कचरा क्यों नहीं दे रहे हैं। साथ ही, जो नागरिक नियमित रूप से डोर टू डोर वाहन में कचरा देते हैं, उनसे भी आई. ट्रिपल सी टीम द्वारा फोन कॉल के माध्यम से फीडबैक लिया जाएगा कि वाहन समय पर आता है या नहीं, चालक व्यवहार कैसा है, और सफाई व्यवस्था में कोई समस्या तो नहीं है।

**कलेक्टर शिवम वर्मा के पास पहुंचा डेली कॉलेज का मामला**

# जांच के साथ ही 12 नवंबर को होने वाली डीसी बोर्ड की मीटिंग पर रोक लगाने की मांग

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • लंबे समय से विवादों में रहे डेली कॉलेज का मामला अब कलेक्टर शिवम वर्मा के पा पहुंच गया है। डेली कॉलेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात कर वहां चल रही गलत गतिविधियों की पूरी जानकारी दी। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने 12 नवंबर को बुलाई गई डीसी बोर्ड की मीटिंग पर रोक लगाने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से कहा कि डीसी बोर्ड ने 25 अक्टूबर को एक नोटिस जारी कर 12 नवंबर को एक बैठक बुलाई है। इसमें बोर्ड के सिर्फ 9 सदस्य ही उपस्थित रहेंगे। नियम के विपरित यह मीटिंग बुलाकर डीसी बोर्ड संविधान में संशोधन करना चाहता है जिससे कि वह हमेशा सत्ता में रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे जुड़ा केस अभी सक्षम अधिकारी के समक्ष लंबित है और यह बोर्ड अपने पावर का दुरुपयोग कर संविधान में संशोधन कर के अपना हित पूरा करना चाहता। इससे संस्थान का नुकसान होगा। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि पूरे मामले की जांच करवाएं तथा 12 नवंबर को होने वाली बैठक पर तत्काल रोक लगाएं। इसके साथ ही डीसी बोर्ड का चुनाव भी समय पर करवाने की मांग की गई है।

**बिना एजीएम बुलाए संविधान बदलने का प्रयास**-प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा है कि डीसी बोर्ड ने एक जुलाई 25 को अपनी मीटिंग में बिना एजीएम बुलाए गलत तरीके से संविधान बदलने का प्रयास किया। मध्य प्रदेश फ़र्म्स एंड सोसाइटी के नियमों के अनुसार संविधान में संशोधन के लिए एजीएम बुलाना जरूरी है। इसमें सभी श्रेणियों के सदस्यों को बुलाना चाहिए। इस गलत निर्णय के विरुद्ध हमने सब रजिस्टर महोदय के समक्ष याचिका दायर करी जिसका निर्णयअभी लंबित हैं।



**29 अगस्त के आदेश का भी दिया हवाला**-प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही के मकसद से सब रजिस्ट्रार इंदौर के समक्ष हमने याचिका दायर की थी। इसमें 29 अगस्त 25 को एक आदेश पारित किया गया कि डेली कॉलेज में वार्षिक आमसभा बुलाई जाए, जिसमें सभी सदस्यों को आमंत्रित किया जाए। इस आदेश के विरुद्ध डेली कॉलेज ने रजिस्ट्रार भोपाल में अपील दायर की एवं 19 सितंबर 25 को डेली कॉलेज को स्टे मिला है, लेकिन अंतिम निर्णय आना बाकी हैं। रजिस्ट्रार महोदय भोपाल का ट्रांसफर हो चुका है एवं आज वहां पर कोई भी नियुक्त नहीं हुआ है।

सूत्र बताते हैं कि लुल्ला ने डेली कॉलेज का संविधान बदलने के लिए फर्म एंड सोसायटी के एक अधिकारी को 20 लाख रुपए की पेशकश की थी। उक्त अधिकारी ने यह बात तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह तक पहुंचा दी। आशीष सिंह ने इस मामले में सख्त हिदायत देते हुए नियमानुसार ही काम करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद उस अधिकारी ने 29 अगस्त 25 को एक आदेश देकर डेली कॉलेज में वार्षिक आमसभा बुलाने को कहा था।

### 29 सितंबर को मनमाने तरीके से बढ़ा लिया कार्यकाल

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर वर्मा को यह भी बताया कि डीसी बोर्ड ने 29 सितंबर 25 को एक बैठक कर स्वयं का कार्यकाल चार महीने के लिए बढ़ा लिया। नियमानुसार चुनाव इसी साल दिसंबर में हो जाना चाहिए, लेकिन बोर्ड चुनाव कराना नहीं चाहता। इस तरफ मनमाने तरीके से एक 150 साल पुरानी शैक्षणिक संस्था को गलत दिशा में ले जाने की कोशिश हो रही है। बोर्ड अपनी असीमित शक्तियों का दुरुपयोग कर मनमाने निर्णय कर रहा है जो कि संस्थान एवं छात्रों के हित में नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।